
प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



देश में लागू होगा नया सुरक्षा ग्रिड पेज- 2

22 माह से धरना दे रहे ठगी पीड़ितों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 161 मंगलवार 02 जून, 2026 डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

# सीएम योगी बोले- गोमाता तो स्वघोषित राष्ट्रमाता हैं

## -घोषित करने की आवश्यकता नहीं है

(एजेंसी) बिजनौर/मुरादाबाद। गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि गाय हमारी माता है और मां–बेटे के रिश्ते को किसी आधिकारिक घोषणा की जरुरत नहीं है। बिजनौर के अफजलगढ़ स्थित आलमपुर गावड़ी में आयोजित एक भव्य समारोह को संबोधित करते हुए योगी ने स्पष्ट किया, गाय के साथ हमारा जन्म–जन्मांतर का अटूट नाता है। क्या मां और पुत्र के पवित्र संबंध के बीच किसी भी प्रकार की आधिकारिक घोषणा की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज का यह समारोह समाज को एक विशेष संदेश देने का सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार दोपहर बिजनौर के अफजलगढ़ क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर जनपद को नई सौगातें दीं। इस अवसर पर उन्होंने पांच विस्थापितों को जमीन के मालिकाना हक से संबंधित अधिकार पत्र भी सौंपे। मंच से जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम बिजनौर की पावन धरा को नमन किया। उन्होंने कहा कि नए भारत में यह क्षेत्र हम सभी के लिए प्रेरणा



का स्रोत है क्योंकि यह पांचाल देश के इतिहास से जुड़ी हुई महाभारत की भूमि है, जिसने युगों–युगों से इतिहास को बनते और बिगड़ते देखा है। अपने संबोधन में धर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म सदैव उसकी रक्षा करता है, लेकिन जो व्यक्ति अपने निजी स्वार्थ के वश में होकर धर्म को हानि पहुंचाता है या उसे नष्ट करने का प्रयास करता है, धर्म अंततः उसका सर्वनाश कर देता है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विकास और सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब भय और अराजकता से मुक्त होकर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार की नीतियां समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की हैं और आज का यह समारोह इसी समावेशी विकास की एक जीवंत झलक पेश करता है। बिजनौर की ऐतिहासिक और पावन धरा को नमन करते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की समृद्धि और यहां के किसानों की खुशहाली सरकार की प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है। संबोधन के दौरान योगी ने पिछली सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले जहां प्रदेश में पहचान का संकट था, वहीं आज उत्तर प्रदेश की कानून–व्यवस्था पूरे देश के लिए एक नजीर बन चुकी है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां निडर होकर स्कूल जा रही हैं और व्यापारी बिना किसी भय के अपना कारोबार कर रहे हैं, जो कि एक सकारात्मक संदेश है। मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने बिजनौर में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर जोर दिया ताकि भविष्य में यह क्षेत्र औद्योगिक और कृषि क्रांति का बड़ा केंद्र बनकर उभरे। अपने भाषण के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री ने जनता का आह्वान किया कि वे विकास की इस गति को बनाए रखने में सरकार का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का संकल्प अब धरातल पर उतरता दिखाई दे रहा है और आज के इस समारोह की गरिमा यह सिद्ध करती है कि जनता का विश्वास सही दिशा में है। सीएम योगी ने जोर देकर कहा कि हम रुकने वाले नहीं हैं और सुरक्षा के साथ–साथ समृद्धि का जो संदेश आज यहां से निकला है, वह पूरे प्रदेश में गूंजेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों के उत्साह को देखते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिजनौर की यह ऊर्जा आने वाले समय में प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मंच पर बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह, नहटौर विधायक ओमकुमार, विधायक अशोक राणा, पूर्व सांसद कुंवर भारतेन्द्र सिंह तथा विधायक श्रीमती कमलेश सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बिना गारंटी लोन से आत्मनिर्भर बने छोटे कारोबारी, पीएम मोदी ने गिनाई स्वनिधि की उपलब्धियां

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि रेहड़ी–पटरी वालों की मदद के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर



निधि (पीएम स्वनिधि) योजना ने बिना गारंटी की ऋण सुविधा, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसर उपलब्ध कराकर असंख्य रेहड़ी–पटरी वालों का जीवन बदला है। मोदी ने इस योजना के छह वर्ष पूरे होने पर यह भी कहा कि पीएम स्वनिधि भरोसे, गरिमा और सशक्तीकरण से जुड़ी योजना है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्आज पीएम स्वनिधि के छह वर्ष पूरे हो गए। यह ऐसी योजना है, जिसने बिना गारंटी ऋण सुविधा, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसर उपलब्ध कराकर असंख्य रेहड़ी–पटरी वालों का जीवन बदला है। यह योजना भरोसे, गरिमा और सशक्तीकरण से जुड़ी है। उन सभी लाभार्थियों को मेरी शुभकामनाएं, जिनका संकल्प और जिनकी उद्यमशीलता हमारे देश की अर्थव्यवस्था को लगातार मजबूत कर रही है। पीएम स्वनिधि केंद्र सरकार की योजना है जो रेहड़ी–पटरी लगाने वाले विक्रेताओं को किफायती कार्यशील पूंजी, वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा उपायों के माध्यम से सहायता प्रदान करती है। पीएम स्वनिधि को कोरोनावायरस महामारी के दौरान शुरू किया गया था ताकि उन रेहड़ी–पटरी लगाने वाले विक्रेताओं को किफायती कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया जा सके जिनके व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुए थे। यह रेहड़ी–पटरी लगाने वाले विक्रेताओं के लिए पहली समर्पित सूक्ष्म–ऋण योजना है। इसका उद्देश्य उनके कारोबार को विकसित करने में मदद करना और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। रेहड़ी–पटरी वाले असंगठित कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें अक्सर औपचारिक ऋण सुविधा तक सीमित पहुंच मिलती है। यह योजना जून 2020 में शुरू की गई थी। इसे आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय तथा वित्तीय सेवा विभाग की संयुक्त जिम्मेदारी के तहत लागू किया गया है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत 17,800 करोड़ रुपये से अधिक के 1.12 करोड़ से ज्यादा बिना गारंटी ऋण वितरित किए गए हैं। यह योजना रेहड़ी–पटरी वालों के वित्तीय समावेशन और आर्थिक सशक्तीकरण की एक प्रमुख पहल के रूप में उभरी है। इस योजना से शहरी भारत में 75.5 लाख से अधिक रेहड़ी–पटरी वालों को लाभ मिला है। इससे उन्हें औपचारिक ऋण सुविधा हासिल करने, डिजिटल भुगतान अपनाने और सामाजिक सुरक्षा लाभ प्राप्त करने में मदद मिली है।

## निदेशक सूचना विशाल सिंह ने लिया ऐतिहासिक फैसला

### साप्ताहिक समाचार पत्रों को सूचना विभाग सीधे जारी करेगा विज्ञापन



न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। लघु एवं मध्यम वर्ग के समाचार पत्रों और उनकी दयनीय स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए निदेशक सूचना श्री विशाल सिंह ने साप्ताहिक समाचार पत्रों को जिन्हें ऐड एजेंसी द्वारा विज्ञापन प्रकाशित कराया जाता था और कमीशन के नाम पर 15 प्रतिशत डकार लिया जाता था उस पर विशाल सिंह का हंटर चला और एजेंसियों द्वारा विज्ञापन प्रकाशित कराने पर रोक लगाकर साप्ताहिक समाचार पत्रों को सीधे विज्ञापन निर्गत करने का कार्य शुरू हो गया जिससे छोटे और मझोले समाचार पत्रों ने निदेशक का आभार व्यक्त कर राहत की साँस लीस सूचना विभाग ने इस दिशा अपनी पारदर्शी कार्यशैली का परिचय देते हुए समय से अपना दायित्व निभाया। अब लघु एवं मध्यम वर्ग समाचार पत्रों के प्रकाशकों के बीच खुसफुस शुरू हो गई है कि पूर्व में जारी विज्ञापनों का भुगतान ऐड एजेंसी कब करेंगी इस ओर भी निदेशक महोदय को अपना ध्यान आकर्षित करना होगा कि जो ऐड एजेंसिया विज्ञापन का भुगतान ले चुकी है वो समय पर समाचार पत्रों को भुगतान कर दे इस पर भी निदेशक महोदय को एक ठोस फैसला।

# टीएमसी नेताओं पर हमले को लेकर विपक्ष का हमला

## -भाजपा ने बताया जनता का आक्रोश

(एजेंसी) नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेताओं पर हुए हमलों को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। एक ओर टीएमसी इसे लोकतंत्र पर हमला बता रही है, वहीं भाजपा और अन्य विपक्षी दल इसे जनता के आक्रोश का परिणाम करार दे रहे हैं। अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी पर हुए हमलों के बाद विभिन्न दलों के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रियाएं दी हैं। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, हिंसा बंगाल में हो रही है, जो एक ऐसा क्षेत्र है जहां देश के सबसे सुरक्षित पदों में गिने जाने वाले सांसद भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां भारतीय जनता पार्टी से जुड़े गुंडे आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे माहौल में रहना स्वाभाविक रूप से कठिन है। सांसद का यह कहना बिल्कुल सही था कि आज यह मुद्दा शर्म का विषय बन गया है। उन्होंने कहा कि यह अब केवल राष्ट्रीय शर्म की बात नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय शर्म का विषय है कि जिस राज्य में सांसद भी



असुरक्षित हैं, वहां आम जनता कैसे सुरक्षित रह सकती है? भारतीय जनता पार्टी द्वारा पैदा किया गया आतंक का माहौल इस समय बंगाल में छाया हुआ है। ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। जेडीयू के वरिष्ठ नेता हरि नारायण सिंह ने कहा कि ममता बनर्जी वामपंथी सरकार को हटाकर सत्ता में आई थीं। उन्होंने काफी संघर्ष किया और 15 वर्षों तक शासन किया, लेकिन उनके शासनकाल में जनता के प्रति उनका व्यवहार ठीक नहीं रहा। वहां कोई खुलकर सच नहीं बोल सकता था और निष्पक्ष चुनाव भी नहीं हो रहे थे। वार्ड और पंचायत चुनावों में भी हंगामा होता था। वहां जनता नहीं, बल्कि शासन–प्रशासन चुनाव लड़ता था। पिछला चुनाव भी टीएमसी ने दमन के जरिए लड़ा था। उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष चुनाव हुआ और इसका नतीजा यह रहा कि ममता बनर्जी सत्ता से बाहर हो गईं। अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले को लेकर उन्होंने कहा कि यह कोई पहले से तय की गई घटना नहीं थी, बल्कि उनकी सरकार के दौरान जनता के साथ किए गए व्यवहार का परिणाम था। ऐसा नहीं है कि भाजपा के उकसावे के कारण इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, बल्कि ममता बनर्जी की पार्टी और सरकार के व्यवहार के कारण जनता में नाराजगी पैदा हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि स्थिति यह है कि बैठक में कुल 80 विधायकों में से महज 20 विधायक ही पहुंचे। सांसदों में भी नाराजगी है और पार्टी में टूट की आशंका बनी हुई है। भाजपा नेता टी.आर. श्रीनिवास ने पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुई राजनीतिक हिंसा को लेकर कपिल सिब्बल और ममता बनर्जी की आलोचना की। उन्होंने सवाल किया, ष्जब हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या हुई थी तब आप कहां थे? आर.जी. कर कांड हुआ तो आप कहां थे? संदेशखाली की घटनाएं हुईं तो आप कहां थे? जब ममता बनर्जी हिंसा को बढ़ावा दे रही थीं तब आप कहां थे? क्या आपके मुंह में फेविकोल लगा हुआ था? अब अचानक आप जाग गए हैं। जब लोगों का आक्रोश सामने आ रहा है तो आप भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कपिल सिब्बल के बयान पर कहा कि कपिल सिब्बल को कांग्रेस नेताओं के पुराने बयान भी देख लेने चाहिए। टीएमसी के कथित आतंक के माहौल को लेकर कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने चुनाव के दौरान तीखे बयान दिए थे। अब जब सरकार नहीं रही, तो पछताने से क्या फायदा? टीएमसी को हराने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह टीएमसी में इस्तीफे हो रहे हैं और बैठकों में विधायक नहीं पहुंच रहे हैं, उससे साफ है कि पार्टी बड़े टूट की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अगर टीएमसी नेता अपने कार्यों पर आत्ममंथन करें और अपनी गलतियों से सीख लें, तो शायद पार्टी की मुश्किलें कुछ कम हो सकती हैं।

## भारतीय खिलाड़ियों का जलवा, 19 पदक जीतने पर पीएम मोदी ने दी बधाई

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर–20 एथलेटिक्स चौंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने वाले भारतीय टीम को बधाई देते हुए सोमवार को कहा कि यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। भारत ने हांगकांग में आयोजित की गई चार दिवसीय प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतकर चीन (14 स्वर्ण, नौ रजत, दो कांस्य) के बाद दूसरा स्थान हासिल



किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 22वीं एशियाई अंडर– 20 एथलेटिक्स चौंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने के लिए भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन भारत के युवा एथलीटों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। उम्मीद है कि यह उपलब्धियां आने वाले वर्षों में और भी कई युवा भारतीयों को खेल में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करेंगी। जापान 18 पदकों (पांच स्वर्ण, पांच रजत, आठ कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारतीय दल कुल 19 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय टीम ने 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक जीत के साथ एथलेटिक्स चौंपियनशिप में अपना लौहा मनवाया। चीन इस चौंपियनशिप में 14 स्वर्ण, नौ रजत और दो कांस्य पदकों के साथ कुल 25 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा और जापान कुल 18 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

## अभिषेक बनर्जी के सीआईडी समक्ष पेश न होने की संभावना, स्वास्थ्य कारण बताए गए



(एजेंसी) कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी के स्वास्थ्य संबंधी कारणों से सोमवार को पश्चिम बंगाल सीआईडी के समक्ष पेश होने की संभावना नहीं है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विधानसभा सचिवालय को पार्टी विधायकों के कथित फर्जी हस्ताक्षरों का इस्तेमाल करके सौंपे गए एक पत्र के मामले की जांच के सिलसिले में जांच एजेंसी ने डायमंड हार्बर से सांसद बनर्जी को तलब किया है। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर शनिवार को तब हमला किया गया था जब वह दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर में चुनाव बाद हिंसा के एक कथित पीड़ित के घर गए थे। उस शाम उन्होंने दो निजी अस्पतालों में उपचार कराया, जिस दौरान पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी भी मौजूद थीं। सूत्रों ने बताया कि अभिषेक बनर्जी ने राज्य की जांच एजेंसी के समन के तहत सोमवार को सीआईडी अधिकारियों के समक्ष पेश नहीं होने के लिए स्वास्थ्य संबंधी कारणों का हवाला दिया है। उन्होंने बताया कि उनका इलाज घर पर जारी है। पश्चिम बंगाल अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को अभिषेक बनर्जी को नोटिस जारी करके भवानी भवन स्थित अपने मुख्यालय में पेश होने को कहा था।

# सम्पादकीय

## कर्नाटक में बदलेगा सरकार का पूरा चेहरा!

जैसा कि सर्वविदित है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री का बदलाव होने जा रहा है। मैं नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि लेकिन असली चुनौती अब शुरू होती है। यह सिर्फ चेहरा बदलने का मामला नहीं, बल्कि सत्ता



नफीस जाफरी

और संगठन दोनों में बड़े फेरबदल की जरूरत है। सूत्रों के मुताबिक, नए सत्ता संतुलन के लिए दो उपमुख्यमंत्री बनाए जा सकते हैं। इसमें जातीय समीकरणों का खास ख्याल रखा जाएगा, ताकि सभी वर्गों को साधा जा सके। कांग्रेस के सामने सबसे अहम सवाल प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति का है. जानकारों का मानना है कि डीके शिवकुमार के पास दोहरी जिम्मेदारी होने के कारण संगठन पर असर पड़ा। अब पार्टी को एक फुल–टाइम और मजबूत प्रदेश अध्यक्ष की जरूरत होगी। तो वहीं दूसरी ओर सियासत की सबसे बड़ी पहेली यह है कि सिद्धारमैया आगे क्या करेंगे। क्या वह विधायक बने रहेंगे या दिल्ली की राजनीति में जाएंगे? अगर वह राज्य में ही रहते हैं, तो 2028 तक कर्नाटक की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही, उनके बेटे यतीन्द्र सिद्धारमैया को मंत्री बनाने की मांग भी उठ सकती है, जो अभी विधान परिषद के सदस्य हैं। कांग्रेस के अंदर चल रही खींचतान को लेकर कई नेताओं में चर्चा है कि यह टकराव जेठानीध्देवरानी जैसा है, जिसमें समयध्समय पर हाईकमान को हस्तक्षेप करना पड़ता है. इस बार मामला इतना बढ़ा कि बंटवारे जैसा समाधान निकालना पड़ा। वैसे यह बदलाव सिर्फ तत्काल राजनीति नहीं, बल्कि भविष्य की रणनीति से भी जुड़ा है। 2028 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव और 2029 में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह बदलाव अहम है। 2024 लोकसभा में कांग्रेस को कर्नाटक में उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली थी। ऐसे में राहुल गांधी ने डीके शिवकुमार पर बड़ा दांव खेला है। मिली खबर के मुताबिक कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नए कैबिनेट के लिए प्लान भी भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार, कर्नाटक कैबिनेट में फेरबदल पर राहुल गांधी के खास निर्देश हैं। उन्होंने कहा है कि नई कैबिनेट में दलित, ओबीसी और माइनॉरिटी कम्युनिटी को ज्यादा रिप्रेजेंटेशन मिले। राहुल गांधी ने कहा है कि मंत्रालय में ज्यादा से ज्यादा युवा चेहरों को शामिल किया जाए। गौरतलब है कि नए कैबिनेट में 5 मौजूदा मंत्रियों में से 25 को हटाया जा सकता है और उन्हें संगठनात्मक काम में लगाया जा सकता है। हाईकमान चाहता है कि कर्नाटक केरल के मॉडल से सीख ले, जहां यूथ कांग्रेस के बैकग्राउंड वाले युवा नेताओं को मिनिस्ट्री की जिम्मेदारी दी गई थी। नई कैबिनेट में कम से कम दो डिप्टी चीफ मिनिस्टर होने की उम्मीद है। इसमें से एक पद दलित नेता को मिल सकता है। राहुल गांधी का निर्देश है कि नई कैबिनेट पॉलिटिकली बैलेंस्ड होनी चाहिए और इसे किसी खास कैंप को फेवर करते हुए नहीं देखा जाना चाहिए। कांग्रेस कर्नाटक में मुख्यमंत्री कुर्सी के लिए भाजपा के बिहार मॉडल का इस्तेमाल कर रही है। जिस तरह भाजपा ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिलवाने के बाद राज्यसभा भेज दिया और नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को स्वास्थ्य मंत्री बना दिया। उसी तरह कांग्रेस ने भी सिद्धारमैया को राज्यसभा भेजने की बात कही है और उनके बेटे यतींद्र को स्वास्थ्य मंत्री बनाया जा सकता है। यतींद्र पेशे से डॉक्टर हैं और कर्नाटक विधानपरिषद में एमएलसी हैं।

# देश में लागू होगा नया सुरक्षा ग्रिड


गुलफिशा खान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर घुसपैठियों से अपील की है कि पहचान अभियान शुरू होने से पहले वे स्वेच्छा से बंगाल छोड़ दें। उन्होंने कहा कि जो लोग अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर चुके हैं, वे खुद ही वापस लौट जाएं, क्योंकि यदि वे ऐसा करते हैं तो सरकार उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी। अमित शाह ने कहा कि पहले ममता बनर्जी सरकार के दौरान रोजाना घुसपैठ की खबरें आती थीं, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं और घुसपैठ करने वाले खुद ही लौटने लगे हैं। उन्होंने बताया कि शुभेंदु अधिकारी और बंगाल में भाजपा सरकार ने नजरबंदी केंद्र बनाए हैं। हालांकि, सरकार चाहती है कि लोग स्वेच्छा से वापस जाएं। उन्होंने भरोसा जताया कि पहचान अभियान शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में लोग खुद ही लौट जाएंगे और जो लोग स्वेच्छा से वापस जाएंगे, उनके खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं होगा, बल्कि सरकार उनकी वापसी में मदद भी करेगी। तो वहीं दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीते दिनों गुजरात के भुज में भारत–पाकिस्तान सीमा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जी–7 बॉर्डर आउट पोस्ट पर बीएसएफ जवानों से बातचीत की। साथ ही जी–7 और जी–13 बॉर्डर आउट पोस्ट का लोकार्पण भी किया। अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ के जवान बेहद कठिन परिस्थितियों में देश की सुरक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि कहीं माइनस 45 डिग्री तापमान होता है तो कहीं 45 डिग्री से ज्यादा गर्मी। इसके बावजूद जवान हर हाल में सीमा पर डटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि कच्छ का रेगिस्तान, सर क्रीक और हरामी नाला जैसे इलाके बहुत कठिन हैं। इसके अलावा राजस्थान के रेतीले इलाके, कश्मीर की बर्फीली चोटियां और पूर्वोत्तर के जंगलों में भी बीएसएफ जवान तैनात रहते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 60 साल में बीएसएफ ने देश की सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने बल के 2000 से ज्यादा शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश के लोग बीएसएफ की वजह से सुरक्षित महसूस करते हैं। अमित शाह ने कहा कि सरकार सीमा सुरक्षा को और मजबूत बना रही है। इसके लिए वॉच टावर, नई सड़कें, पीने के पानी की सुविधा, मेडिकल सुविधा और आधुनिक फेंसिंग का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां जमीन पर फेंसिंग मुश्किल है, वहां तकनीक की मदद से सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ड्रोन, रडार और आधुनिक निगरानी प्रणाली का इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकार ऐसा सुरक्षा घेरा बनाना चाहती है जिसे कोई भी आसानी से पार न कर सके। गृह मंत्री ने कहा कि सर क्रीक और हरामी नाला क्षेत्र पहले सुरक्षा की .ष्टि से संवेदनशील माने जाते थे। लेकिन अब वहां तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि अगले दो साल में यह इलाका पूरी तरह सुरक्षित हो जाएगा। अमित शाह ने "चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड" का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अब केवल सीमा सुरक्षा



पर नहीं, बल्कि पूरे इलाके की सुरक्षा पर ध्यान दिया जाएगा। इसमें बीएसएफ, सेना, स्थानीय पुलिस, सिविल प्रशासन और आम जनता मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार "टेरिटोरियल सुरक्षा" की नई व्यवस्था लागू करना चाहती है। इसका मकसद सीमा से जुड़े हर इलाके को सुरक्षित बनाना है। अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में सीमा फेंसिंग का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक जमीन नहीं मिलने की वजह से कई हिस्सों में फेंसिंग अधूरी थी। लेकिन अब राज्य में सरकार बनने के बाद फेंसिंग के लिए जमीन देने का फैसला लिया गया है। फेंसिंग पूरी होने के बाद घुसपैठ रोकने में मदद मिलेगी। नदी और जंगल वाले इलाकों में तकनीकी फेंसिंग का इस्तेमाल किया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार बीएसएफ जवानों की सुविधाएं बढ़ाने पर भी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जवानों को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गुजरात में एक ऐसा केंद्र बनाया गया है, जहां लोग बीएसएफ जवानों की जिंदगी और उनकी ड्यूटी को करीब से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच रहे हैं। कई महिलाओं ने लिखा कि अगर उनके बच्चे बड़े होकर बीएसएफ में जाएं तो उन्हें गर्व होगा।

# कांग्रेस में हाईकमान कल्चर की वापसी!


फरीद वारसी

कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के दो साल बचे हैं, ऐसे में सिद्धारमैया की जगह डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला लेकर कांग्रेस ने बड़ा दांव चला है। शिवकुमार फिलहाल प्रदेश अध्यक्ष और सरकार में उपमुख्यमंत्री हैं। अब मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें पार्टी अध्यक्ष का पद छोड़ना पड़ सकता है। ऐसे में उनके लिए सरकार के अंदर और बाहर दोनों जगह कड़ी चुनौतियां सामने होंगी। क्या वे थकी–हारी कांग्रेस सरकार में उसकी सुस्ती से उबारकर 2028 के आगामी विधानसभा चुनावों से पहले नई ऊर्जा भर पाएंगे? बहरहाल, कर्नाटक में आखिरकार वही हो गया जो लंबे समय से चर्चा में था। सत्ता का ट्रांसफर। सिद्धारमैया ने इस्तीफा दे दिया और अब डीके शिवकुमार की ताजपोशी तय मानी जा रही है। लेकिन असली सवाल ये है कि जो काम कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ में नहीं कर पाई, वो कर्नाटक में इतनी आसानी से कैसे हो गया? दरअसल, इस बार पूरा खेल दिल्ली से तय हुआ। राहुल गांधी ने सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार दोनों को बुलाया, मीटिंग की और फिर सिद्धारमैया को अलग से बुलाकर साफ कहा– अब आपको इस्तीफा देना चाहिए और डीके शिवकुमार को कुर्सी सौंप देनी चाहिए। साथ में ये भी ऑफर दिया कि आप राज्यसभा के जरिए दिल्ली आ जाइए, आपके अनुभव की जरूरत पड़ेगी। सिद्धारमैया ने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। उन्होंने कहा कि सरकार अच्छी चल रही है, गारंटी योजनाएं लागू हो रही हैं और अगला चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा जाना चाहिए। यहां तक



कहा कि 2028 में वे खुद सत्ता डीके शिवकुमार को सौंप देंगे। लेकिन इस बार राहुल गांधी नहीं माने। राहुल ने सीधा फैसला सुनाया और कोई समझौता नहीं किया। सबसे अहम बात यह रही कि इस बार न कोई ऑब्जर्वर बेंगलुरु भेजा गया, न विधायकों की राय ली गई। वजह साफ थी, ज्यादातर विधायक सिद्धारमैया के साथ थे। अगर उनकी राय ली जाती तो मामला अटक सकता था, जैसा पहले हो चुका है। अब जरा राजस्थान की तरफ चलते हैं। 2022 में कांग्रेस आलाकमान अशोक गहलोत को हटाकर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाना चाहता था। इसके लिए ऑब्जर्वर जयपुर भेजे गए, लेकिन गहलोत कैंप ने विधायकों की ताकत दिखा दी। पूरा प्लान वहीं फेल हो गया। आलाकमान को पीछे हटना पड़ा और बाद में चुनाव भी हार गए। छत्तीसगढ़ की कहानी भी लगभग ऐसी ही रही। वहां 90 सीटों की विधानसभा में कांग्रेस के पास 68 विधायक थे। जबरदस्त बहुमत. फॉर्मूला बना कि भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव ढाई–ढाई साल मुख्यमंत्री रहेंगे। लेकिन जब भी बदलाव की बात आई, बघेल समर्थक विधायक जुटा लेते थे। हाईकमान हर बार दबाव में आ गया और फैसला टलता गया। नतीजा यह हुआ कि अंदरूनी लड़ाई के चक्कर में चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। केरल का उदाहरण भी दिलचस्प है। वहां विधायकों का झुकाव केसी वेणुगोपाल की तरफ बताया जाता था, लेकिन फैसला वीडी सतीशन के पक्ष में गया। यानी राहुल गांधी अब यह संकेत दे रहे हैं कि अंतिम फैसला दिल्ली में ही होगा, सिर्फ विधायकों की संख्या से नहीं। अब फर्क साफ दिख रहा है। कर्नाटक में राहुल गांधी ने न तो विधायकों की परेड देखी, न ही किसी गुट का दबाव माना। सीधे फैसला लिया और लागू कराया। ये वही मॉडल है जो अब तक भाजपा में देखने को मिलता था। केंद्रीय नेतृत्व तय करता है कि कौन मुख्यमंत्री होगा। पार्टी के अंदर भी यही चर्चा है कि राहुल गांधी अब किसी क्षेत्रीय क्षत्रप के दबाव में नहीं आ रहे। फैसले लेने से पहले वे खड़गे, केसी वेणुगोपाल और अपने फीडबैक सिस्टम पर भरोसा कर रहे हैं। बताया जाता है कि कर्नाटक पर फैसला लेने से पहले वे 10 जनपथ भी गए थे। कांग्रेस के एक बड़े नेता का कहना है कि पहले फैसले टल जाते थे, अब सीधे लागू हो रहे हैं। और इसके पीछे बड़ी वजह है 2027–28 के विधानसभा चुनाव और 2029 का लोकसभा चुनाव। यानी साफ है, कर्नाटक सिर्फ मुख्यमंत्री बदलने की खबर नहीं है, ये कांग्रेस के बदलते पावर स्ट्रक्चर की कहानी है। अब देखना होगा कि राहुल गांधी का ये 'नया हाईकमान मॉडल' आगे कितने राज्यों में सफल होता है।

# पंजाब के संकेत

सही मायने में पंजाब के हालिया स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों के आधार पर अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए निर्णायक निष्कर्ष तो नहीं निकाले जा सकते। हां, लेकिन इन परिणामों से महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत जरूर मिलते हैं। निस्संदेह, लोकतंत्र की इस छोटी इकाई, नगर निकाय चुनावों में राज्य स्तर का व्यापक परिदृश्य तो नहीं उभरता, बल्कि स्थानीय मुद्दे इन चुनावों में निर्णायक भूमिका जरूर निभाते हैं। वैसे पिछले ट्रेंड के आधार पर कहा जा सकता है कि ऐसे चुनावों में राज्य के सत्ताधारी दल को लाभ निश्चित रूप से मिलता है। इसका कारण यह भी है कि प्रभावी व संपन्न लोग सत्तारूढ़ दल के करीब आना चाहते हैं। मतदाता यह मानकर चलते हैं कि विकास निधि और प्रशासनिक सहायता उन क्षेत्रों में सहज व सरलता से पहुंचती है, जहां सत्तारूढ़ दल से जुड़े प्रत्याशी चुनाव जीतते हैं। इस तथ्य की पुष्टि एक बार फिर से हुई है, जब इन निकाय चुनावों में आम आदमी पार्टी ने शानदार जीत हासिल की है। कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही जबकि भाजपा और अकाली दल निर्दलीय उम्मीदवारों से भी पीछे रह गए। वास्तव में इन आंकड़ों को सावधानी से देखना चाहिए। दरअसल, स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान कुल मतदान का प्रतिशत 64 फीसदी रहा, लेकिन नगर निगमों में यह भागीदारी 60 फीसदी रही, जो बड़े शहरों में मतदाता की सुस्ती को दर्शाता है। सही मायने में स्थानीय निकाय चुनावों में आमतौर पर मतदाताओं की भागीदारी असमान और कम रही है। माना जाता है कि विधानसभा चुनाव में मतदान आमतौर पर अधिक होता है और राजनीतिक मुद्दे व्यापक होते हैं। इसके बावजूद, यह चुनाव निष्कर्ष विपक्ष के लिए चिंताजनक वास्तविकता को दर्शाता है। पंजाब में पांव पसारते नशीली दवाओं के कारोबार, अपराध, कानून व्यवस्था और सरकार की शासन संबंधी नीतियों को लेकर विपक्ष की कड़ी आलोचना के बावजूद, विपक्षी दल जनता की असंतुष्टि को वोटों में तब्दील करने में विफल ही रहे हैं। कांग्रेस गुटबाजी और नेतृत्व की अनिश्चितता से जूझ रही है। वहीं दूसरी ओर शिअद अभी भी बेअदबी विवाद और किसान आंदोलन के राजनीतिक नतीजों से उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है। हालांकि, भाजपा राज्य के चुनावी परिदृश्य में अभी भी एक मामूली खिलाड़ी ही साबित हुई है, मगर ऐसा लगता है कि उसने 2027 के लिए पहले से ही तैयारी शुरू कर दी है। जट सिख केवल सिंह ढिल्लों की पंजाब भाजपा अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति महत्वपूर्ण है। भाजपा ने अपने पारंपरिक शहरी–हिंदू आधार से आगे बढ़ने के प्रयास का संकेत दिया है। निस्संदेह, अभी विधानसभा चुनाव का रास्ता खासा लंबा है। लेकिन फिलहाल, आम आदमी पार्टी ने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष अभी भी एकजुटता और दिशा की तलाश में लगा हुआ है।

# संविधान के आलोक में विश्वास की पूंजी से हों कानूनी बदलाव

नीतीश कुमार सिंह

उत्तराखंड व गुजरात के बाद अब असम में श्एक समान नागरिक संहिता कानूनश पारित होने से अल्पसंख्यक समाज में परंपरा और निजी मामलों में हस्तक्षेप की आशंका व्याप्त है, जो स्वाभाविक है। भारत जैसे प्रगतिशील, विविधतापूर्ण और बहु सांस्कृतिक देश में उच्च सामाजिक संबंधों और परंपराओं को तरजीह मिलनी चाहिए परंतु राज्य दर राज्य चुनाव जीतती राजनीतिक पार्टी को किसी समुदाय से जुड़े कोई भी बदलाव पूर्णतया लोकतांत्रिक तरीके से करने चाहिये। यही इस देश का तकाजा है। अंतिम व्यक्ति के विश्वास की पूंजी संग विचार खुलकर लें जिसकी दरकार आज सभी राज्यों की है। सत्ता की ताकत का बेजा इस्तेमाल करने की जगह लोक कल्याण और जन परंपराओं को पुष्ट करने में लगाना होगा। तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। हरेक राज्य सरकार को बेशक लोक व्यवहार से सुंदर संस्कृतियों को नत्थी कर आचारवान और परस्पर हक अदायगी का कानूनी प्रावधान करने चाहिए, परंतु उनमें विभिन्न समाजों की आशंकाएं मिटाकर उनकी जगह सिर्फ आशा का संचार होना चाहिए। समान नागरिक संहिता के बारे में भी यही बात लागू होती है जिस पर करीब सौ साल की धीमी परंतु गंभीर बहस है। असम के ही हालिया कानून के जरिए– एक पत्नी प्रथा, शादी में पुरुषों की उम्र 21, महिलाओं की 18, लिव इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण और परित्यक्त महिलाओं के भरण–पोषण को एक जैसे कानूनी ढांचे के अंदर लाया गया। इस बीच, अल्पसंख्यक समुदायों की आशंका थी कि उनके धार्मिक और परंपरागत पहलुओं पर हमला तो नहीं हो रहा। ऐसे मामलों में किसी भी सरकार को




हरेक नागरिक के लोक पहलू पर ध्यान केंद्रित करना था। उसका संवैधानिक कर्तव्य है कि देश के किसी हिस्से में किसी प्रक्रिया से बंधुता में खलल न हो और समुदायों का विश्वास जीता जाए।

संविधान सभा भी धर्मनिरपेक्ष राज्य की दिशा में विभिन्न पहलुओं पर चिंता व्यक्त करते हुए एक समान नागरिक संहिता की आवश्यकता और आशंका के पाटों के बीच विचार–विमर्श कर रहा था। संविधान सभा में 23 नवंबर, 1948 को नीति निदेशक सिद्धांत के अनुच्छेद–44 संबंधी प्रस्ताव श्नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता– राज्य, भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगाश पर चर्चा हुई। संविधान सभा के सदस्य केएम मुंशी ने इस प्रस्ताव में मौलिक अधिकार संबंधी अनुच्छेद 19 का उल्लंघन और अल्पसंख्यकों के प्रति अन्याय का मसला आने पर कहा था– श्धार्मिक आचरण लौकिक आचरण सहित होना चाहिए। यदि सामाजिक कल्याण के क्षेत्र हों तो इस विषय में संसद को कानून बनाने का अधिकार होगा, जिसमें अल्पसंख्यकों के मूल अधिकार का उल्लंघन नहीं होगा।श उन्होंने आगे कहा कि, किसी भी उन्नत मुस्लिम देश में निजी कानून को अटल नहीं माना गया है कि व्यवहार संहिता को बनाने का निषेध हो। तुर्कीए या मिस्र में इन देशों के अल्पसंख्यकों को ऐसे अधिकार नहीं दिए गए हैं। पूर्व साम्राज्य में भी केंद्रीय विधान मंडल ने शरियत कानून पारित किया तब खोजा और कच्छी मेमन लोग अत्यंत असंतुष्ट थे। वह उस समय कुछ हिंदू परंपराओं का पालन करते थे। धर्म परिवर्तन के समय से ही उनका पालन करते आए थे। वे शरियत के अनुसार नहीं चलना चाहते थे। खोजा और कच्छी मेमन को अनिच्छा से इसे मानना पड़ा। उस समय उनके अधिकार कहां थे? वहीं यूरोप के कई देशों में व्यवहार संहिता है और सभी को इसे मानना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा–धर्म का सामाजिक संबंध या उत्तराधिकार से क्या संबंध है? हिंदू संहिताओं में ही कई प्रावधान मनु और याज्ञवल्क्य या अन्य शास्त्रों के विचारों से भिन्न हैं। हमारा समाज प्रगतिशील है। एक कानून न होने का कुछ जगहों पर नुकसान देखा तो गया है लेकिन अंतिम संहिता बनाने के पहले विचार–विनिमय अत्यावश्यक है। अभी कहीं मयूख, दयाभाग, मिताक्षरा कानून है जिन्हें भिन्न–भिन्न हिंदू कानून माना जाता है। एक समान नागरिक संहिता नहीं होने का अल्पसंख्यकों ही नहीं, बहुसंख्यकों पर भी प्रभाव पड़ता है। अंग्रेजी राज में हमारे मस्तिष्क में था कि निजी कानून धर्म का भाग है यह भावना अंग्रेजों और उनके न्यायालयों ने उकसाई थी। संविधान सभा के सदस्य मोहम्मद इस्माइल साहब ने निजी कानून– विवाह, उत्तराधिकार, संपत्ति, संविदा आदि को धर्म और संस्कृ ति का भाग बताया और असांप्रदायिक राज्य बनाने के विचार में निजी कानून से छेड़–छाड़ नहीं होने की बात कही। ऐसे ही एक अन्य सदस्य नसरुद्दीन अहमद ने कहा कि निजी कानून को उस जाति की पूर्ण सहमति के बिना परिवर्तित नहीं किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने अपना संशोधन भी पेश किया था लेकिन संविधान सभा ने उसे नहीं माना था। अंततः संविधान सभा के सदस्य डा. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने हस्तक्षेप करते हुए कहा–देश में अपराधिक से लेकर संपत्ति हस्तांतरण का कानून एक ही है। सिर्फ विवाह और उत्तराधिकार बचे हैं परंतु सारे भारत में मुसलमानों का निजी कानून एक नहीं था। 1935 तक पश्चिमेत्तर सीमा प्रांत में शरियत कानून लागू नहीं था। उत्तराधिकार व अन्य विषयों में वहां हिंदू कानून लागू था। 1939 में केंद्रीय विधान मंडल ने हस्तक्षेप किया वहां मुसलमान पर हिंदू कानून बंद कराया गया और शरियत कानून लागू करना पड़ा था। 1937 तक संयुक्त प्रांत, मध्य प्रांत व मुंबई में उत्तराधिकार के विषय में काफी हद तक हिंदू कानून लागू था। उन्होंने आगे बताया कि मालाबार में मरुमक्थायम कानून हिंदू और मुसलमान दोनों पर लागू था, जो मातृ प्रधान कानून है। उन्होंने सुझाव दिया कि–राज्य देश के लिए एक व्यवहार संहिता के निर्माण का प्रयत्न करेगा। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में विभिन्न जन समुदायों पर सैकड़ों साल में दर्जनों संस्कृतियों का असर पड़ा। इससे लोक व्यवहार में आमूल परिवर्तन भी हुए। अंग्रेजों की सांप्रदायिक और फूट डालकर राज करने की नीति ने समाज, धर्म और संस्कृतियों का काफी हद तक बेड़ा गर्क किया। आज उन बातों को समझकर विश्वास बहाली के साथ प्रगतिशील, सौहार्द्र और उच्च मानवीय मूल्यों की सामाजिक परंपरा और कानूनी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और राजनीति शास्त्र के शिक्षक हैं)

# एक वृक्ष हमारे पूर्वजों के नाम, विश्व मानवाधिकार परिषद की देशव्यापी मुहिम

## – पौधा लगाने वालों को मिलेगा प्रशस्ति पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो/लखीमपुर खीरी। सम्पूर्ण भारतवर्ष में हरित क्रांति लाने और पर्यावरण संतुलन को मजबूत करने के लिए विश्व मानवाधिकार परिषद संगठन ने एक बड़ी राष्ट्रव्यापी मुहिम का शंखनाद किया है। आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर संगठन द्वारा एक वृक्ष हमारे पूर्वजों के नाम अभियान चलाया जा रहा है। संगठन का लक्ष्य देश के हर नागरिक को इस मुहिम से जोड़कर धरती को हरा–भरा बनाना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष की देशवासियों से भावुक अपील विश्व मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एमआर अंसारी ने जारी एक आवश्यक सूचना में देश के समस्त नागरिकों से इस महाअभियान का हिस्सा बनने की पुरजोर अपील की है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने और अपने जीवन को खुशहाल व सुरक्षित बनाने में हर एक नागरिक का योगदान अत्यंत जरूरी है। यह हम सभी का नैतिक दायित्व है कि आगामी 5 जून को अपने घर, आंगन या आस–पास कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं और उसे अपने पूर्वजों की स्मृति को समर्पित करें। पौधा लगाओ, फोटो भेजो और पाओ प्रशस्ति पत्र पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को जन–आंदोलन बनाने के लिए संगठन ने एक अनूठी पहल की है। डॉ. अंसारी ने घोषणा की है कि जो कोई भी नागरिक इस मुहिम के तहत वृक्षारोपण करते हुए अपनी फोटो संगठन को भेजेगा, उसे विश्व मानवाधिकार परिषद द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। मुहिम से जुड़ने के लिए संपर्क सूत्र व वेबसाइट मोबाईल नंबर 7800000910 आधिकारिक वेबसाइट शीर्ष नेतृत्व को सौंपी गई जिम्मेदारी (प्रतिलिपि प्रेषित) इस महाअभियान को जमीनी स्तर पर पूरी तरह सफल बनाने के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एमआर अंसारी द्वारा परिषद के सभी शीर्ष पदाधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। संगठन के इस फैसले के बाद देश भर के कार्यकर्ताओं और आम जनता में पर्यावरण संरक्षण को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। अब देखना यह है कि 5 जून को यह मुहिम देश में हरित क्रांति के रूप में कितना बड़ा कीर्तिमान स्थापित करती है।

# समस्या या शिकायत के समाधान के लिए दबाव बनाने का न करें प्रयास : डीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो



गाजीपुर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनपद के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के समाधान हेतु पानी की टंकी, मोबाइल टावर अथवा अन्य ऊंचे स्थानों पर चढ़कर प्रशासन पर दबाव बनाने अथवा ब्लैकमेल करने का प्रयास न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के .त्यों से किसी को न्याय नहीं दिलाया जा सकता तथा यह न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती उत्पन्न करता है, बल्कि संबंधित व्यक्ति के जीवन एवं सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद प्रशासन प्रत्येक नागरिक की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्णतः संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है। नागरिक अपनी शिकायतों एवं समस्याओं को जनसुनवाई, तहसील दिवस, थाना समाधान दिवस, सम्पूर्ण समाधान दिवस तथा अन्य निर्धारित प्रशासनिक माध्यमों से प्रस्तुत कर सकते हैं, जिनका नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में समस्याओं के समाधान के लिए वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन आवश्यक है। किसी भी प्रकार की आत्मघाती अथवा जोखिमपूर्ण गतिविधि से बचना चाहिए। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनसामान्य से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि न्यायिक आदेशों का सम्मान और कानून का पालन करें तथा अपनी समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित प्रक्रियाओं का ही उपयोग करें।

# पच्चीस हजार रुपए का इनामी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित एवं इनामी अभियुक्तों की गिरतारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भरथना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी वांछित अभियुक्त को गिरतार कर लिया है, जो लंबे समय से फरार चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार



श्रीवास्तव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचन्द्र के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन मौर्य के नेतृत्व में थाना भरथना पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक वांछित अभियुक्त आगरा–कानपुर हाईवे के पास फर्रुखाबाद जाने वाले मार्ग पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आवश्यक बल प्रयोग करते हुए अभियुक्त शिवम यादव पुत्र स्वर्गीय ध्यान सिंह निवासी ग्राम कुतुबपुर, थाना भरथना को गिरतार कर लिया। गिरतार अभियुक्त की उम्र लगभग 20 वर्ष बताई गई है। पुलिस के अनुसार गिरतार अभियुक्त थाना भरथना में पंजी.त मुकदमा संख्या 155/2025 में वांछित चल रहा था। उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। अभियुक्त की गिरतारी पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। पुलिस ने बताया कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है और कानून से बचने का प्रयास करने वाले अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई को सफल बनाने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह, निरीक्षक अपराध अरिमर्दन सिंह, उपनिरीक्षक कोमल चौधरी तथा आरक्षी बीनू पवार शामिल रहे। वरिष्ठ अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए भविष्य में भी अपराधियों के विरुद्ध इसी प्रकार प्रभावी कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

# मामूली विवाद ने लिया घरेलू हिंसा का रूप, दी तहरीर

न्यूज वाणी ब्यूरो/डलमऊ, रायबरेली। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सुरजू पुर गांव में मामूली विवाद ने घरेलू हिंसा का रूप ले लिया। आरोप है कि 40 रुपये के विवाद को लेकर पति ने अपनी ही पत्नी के साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित महिला ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर देते हुए पति के खिलाफ कार्रवाई और अपनी सुरक्षा की मांग की है। पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, उसका पति कमलेश कथित रूप से शराब का सेवन करता है और आए दिन झगड़ा करता रहता है। महिला का आरोप है कि 40 रुपये के विवाद को लेकर पति ने उसे भद्दी–भद्दी गालियां




दीं तथा लात–घूंसों से मारपीट करते हुए पटक दिया। वही गीता का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसके सिर पर ईंट (गुम्मा) से वार किया गया, जिससे उसे चोटें आईं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पति ने उसे जान से मारने की धमकी दी, जिससे वह भयभीत और परेशान है। घटना के बाद पीड़िता ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर देकर पति कमलेश के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के साथ–साथ अपनी जान–माल की सुरक्षा की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

# जनपद के मेधावी विद्यार्थियों ने बढ़ाया जिले का मान

## - हाईस्कूल व इंटर में प्रथम स्थान व राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा–2026 के परिणामों में जनपद गाजीपुर के विद्यार्थियों ने उत्.ष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले सहित प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से पूरे जनपद में हर्ष एवं गौरव का वातावरण है। मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना के अन्तर्गत मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से लाईव प्रसारण को देखा एवं सुना गया। इसी क्रम में जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि डा0 संगीता बलवन्त राज्यसभा सांसद, विशिष्ट अतिथि जखनियॉ विधायक बेदी राम एवं जिलाध्यक्ष भाजपा ओम प्रकाश राय तथा मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में जनपद स्तर पर 11 छात्र हाईस्कूल के प्रथम, 10 स्थान प्राप्त एवं 10 छात्र इंटरमीडिएट स्तर के प्रथम 10 स्थान प्राप्त को छात्र–छात्राओ को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया एवं प्रदेश स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त 02 मेधावी विद्यार्थी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलो द्वारा सम्मानित किया गया। प्रदेश स्तर के विद्यार्थियों को 01 लाख रूपये की धनराशि एवं जनपद स्तर के विद्यार्थियों को 21 हजार की धनराशि तत्काल उनके खाते में भेजा गया एवं उसके साथ प्रशस्ति पत्र, मेडल, स्मृति चिन्ह तथा उनके गारजियन एवं प्रधानाचार्य को साल देकर सम्मानित किया गया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कठिन परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि आज सम्मानित होने वाले विद्यार्थी प्रदेश स्तर एवं जनपद स्तर की प्रतिभा के प्रतीक हैं और आने वाले समय में देश एवं समाज को नई दिशा देने का कार्य करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और उसे प्राप्त करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ प्रयास करते रहें। उन्होने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र के समग्र उत्थान का आधार भी है। उन्होंने विद्यार्थियों



से आधुनिक तकनीक, विज्ञान, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग आवश्यक है। मा0 डॉ0 राज्य सभा सांसद ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा, टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण, छात्रवृत्ति योजनाओं तथा विभिन्न प्रोत्साहन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी की शिक्षा आर्थिक अभाव के कारण बाधित नहीं होने दी जाएगी। मा0 विधायक जखनियॉ ने इस अवसर पर सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी इस बात की है कि जनपद स्तर पर हमारे क्षेत्र जखनियॉ से करीब 10 छात्रो द्वारा अच्छा अंक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होने कहा कि निरंतर अध्ययन, लक्ष्य के प्रति समर्पण तथा सकारात्मक सोच से किसी भी मुकाम को प्राप्त किया जा सकता है। जनपद के विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के छात्र–छात्राएं समान रूप से प्रतिभाशाली हैं और उन्हें उचित मार्गदर्शन एवं अवसर मिलने पर वे प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। मा0 विधायक जखनियॉ ने विद्यार्थियों से अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रति सम्मान और .तज्ञता का भाव बनाए रखने का आह्वान किया। मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गाजीपुर लगातार नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की इस सफलता से जिले के अन्य छात्र–छात्राओं में भी प्रतिस्पर्धा एवं उत्.ष्ट प्रदर्शन की भावना विकसित होगी। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि माता–पिता और गुरुजन विद्यार्थियों के जीवन के प्रथम मार्गदर्शक होते हैं। उनके त्याग, परिश्रम और मार्गदर्शन के बिना सफलता की कल्पना नहीं की जा सकती। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा आशा व्यक्त की है कि वे आगे भी इसी प्रकार उत्.ष्ट प्रदर्शन कर जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे। साथ ही अन्य विद्यार्थियों से भी आह्वान किया गया है कि वे इन मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेकर अपने शैक्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयासरत रहें। उन्होने बच्चों के साथ फेस टू फेस वार्ता कर उनके भविष्य में योग्यताओं के अनुसार भविष्य का चयन करने एवं भविष्य के राह में आने वाली समस्याओं पर चर्चा परीचर्चा किया गया जिसमें बच्चे प्रतिभागीय किये अपने मन की बात उनके साथ शेयर किया। कार्यक्रम के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सभी बच्चों एवं उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्यो को आशीर्वचन के साथ कार्यक्रम समाप्त किया गया और सबसे एक वचन लिया गया कि वह भविष्य में कुछ अच्छा करेंगे इसका वह इस कार्यक्रम में आश्वासन दें जिस पर सभी बच्चों ने सहर्ष स्वी.ति प्रदान की कि हम आपके आशीर्वाद से भविष्य में कुछ अच्छा बनकर दिखाएंगे। उन्होने बताया कि विद्यालयों में भी विद्यार्थियों की सफलता का उत्सव मनाया गया। शिक्षकों एवं सहपाठियों ने मेधावी विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा आशा व्यक्त की है कि वे आगे भी इसी प्रकार उत्.ष्ट प्रदर्शन कर जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे। साथ ही अन्य विद्यार्थियों से भी आह्वान किया गया है कि वे इन मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेकर अपने शैक्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयासरत रहें।

# थाने के सामने फायरिंग व कब्जे के विवाद में हत्या के प्रयास का मुकदमा, मुख्य आरोपी फरार

## – चार आरोपी गिरफ्तार, लाइसेंसी रिवॉल्वर, जिंदा कारतूस व खोखे बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुकुल बाजार, अमेठी। थाना परिसर के सामने स्थित करोड़ों रुपये मूल्य की विवादित भूमि को लेकर हुए विवाद ने उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब जमीन पर कब्जे के प्रयास का विरोध करने पर कथित रूप से फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया। घटना के बाद पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में चार आरोपियों को गिरतार किया गया है, जबकि मुख्य आरोपी अब भी फरार बताया जा रहा है। भटपुरवा निवासी निर्मला देवी पत्नी शिव कुमार शर्मा की तहरीर पर दर्ज मुकदमे के अनुसार, गाटा संख्या 813 में स्थित उनकी बंद दुकान में कुछ लोगों ने पीछे से सेंध लगाकर जबरन प्रवेश किया और कब्जा करने का प्रयास किया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी, जिससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि जान बचाने के लिए उन्हें मौके से भागना पड़ा। घटना की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विवादित संपत्ति बाजार शुक्ल थाने के ठीक सामने स्थित है। ऐसे में दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने क्षेत्र में कानून–व्यवस्था और पुलिस निगरानी




को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी विवेक वर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हत्या के प्रयास सहित अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी ओम सिंह की गिरतारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। बाजार शुक्ल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में प्रकाश में आए और वांछित चार आरोपियों को गिरतार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान मुखबिर की सूचना पर स्कॉर्पियो वाहन संख्या यूपी–42एमके/0707 को रोककर जांच की गई। वाहन में सवार अविनाश सिंह उर्फ हैप्पी सिंह, अश्वनी सिंह उर्फ लकी सिंह, प्रहलाद सिंह तथा शिवबरदान सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया। जांच के दौरान वाहन के वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके। तलाशी लेने पर शिवबरदान सिंह के कब्जे से एक 32 बोर की लाइसेंसी रिवॉल्वर, चार जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में शिवबरदान सिंह ने पुलिस को बताया कि बरामद रिवॉल्वर हरिओम सिंह उर्फ गोलू की है। पुलिस ने हथियार को कब्जे में लेकर उसकी वैधानिकता और घटना में संभावित उपयोग की जांच शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि गिरतार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा फरार मुख्य आरोपी की तलाश जारी है,पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर सभी आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जाएगा।

# जीएसटी फर्जीवाड़े पर पुलिस का बड़ा प्रहार

## – करोड़ों रुपये की चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, लैपटॉप व मोबाइल बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जीएसटी चोरी और फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरतार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक एचपी कंपनी का लैपटॉप और पांच एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी फर्जी कंपनियां बनाकर कूटरचित दस्तावेजों और फर्जी ई–वे बिलों के माध्यम से बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी कर रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर अभयनारायण राय के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस ने यह कार्रवाई की। मामला उस समय प्रकाश में आया था जब राज्य कर सचल दल द्वारा एक वाहन में कूटरचित प्रपत्रों के माध्यम से माल परिवहन कर करापवंचन किए जाने की सूचना थाना सिविल लाइन में दी गई थी। सूचना के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुए, जिनके आधार पर चार वांछित अभियुक्तों को गिरतार किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने केवल कागजों पर कई कंपनियां पंजी.त करा रखी थीं, जिनके नाम, पते और व्यवसाय पूरी तरह फर्जी एवं अस्तित्वहीन पाए गए। इन बोगस कंपनियों के नाम पर फर्जी ई–वे बिल और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर माल परिवहन दर्शाया जाता था, जिससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार गिरोह व्यापारियों और माल मंगाने वालों से वैध कर के स्थान पर माल के वजन के आधार पर कमीशन वसूलता था। माल की मात्रा बढ़ने के साथ अवैध वसूली भी बढ़ाई जाती थी और फर्जी दस्तावेजों के सहारे बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी को अंजाम दिया जाता था। पुलिस अब आरोपियों द्वारा इस अवैध कारोबार से अर्जित संपत्तियों, बैंक खातों और वित्तीय लेन–देन की गहन जांच कर रही है। अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को चिन्हित कर



उनके विरुद्ध कुर्की एवं जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी। गिरतार अभियुक्तों में पुष्पेन्द्र कुमार मित्तल निवासी धनौली, आगरा, सफल गुप्ता उर्फ लाला निवासी आवास विकास कॉलोनी सिकंदरा, आगरा, राहुल गुप्ता निवासी नौबस्ता लोहामंडी, आगरा तथा सोनू वर्मा निवासी आवास विकास कॉलोनी बोदला, आगरा शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में दर्ज मुकदमे में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई को सफल बनाने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कण्व कुमार मिश्र, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामविनोद, मुख्य आरक्षी जीतू तथा आरक्षी रामनरेश शामिल रहे। वरिष्ठ अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि कर चोरी, आर्थिक अपराध और संगठित फर्जीवाड़े में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# करंट लगने से गाय की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। चरखारी के रिवई गाँव निवासी रामशरण पण्डा की गाय गांव के ही किसान मुरलीधर कुशवाहा व अर्जुन कुशवाहा द्वारा खेत में तारबाड़ी में लगाये गये विधुत करेंट की चपेट में आने से गाय की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार




रिवई निवासी रामशरण पण्डा ने थाना चरखारी में लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरी गाय बीते 30 मई को सुबह 10 बजे चरने गयी थी जो हमेशा दोपहर 3 बजे तक घर वापिस आ जाती थी लेकिन कल घर वापिस नहीं आयी तो मैं ढूडने गया तो गाय नहीं मिली आज 31 मई को ग्रामीणों के माध्यम से पता चला कि मेरी गाय मुरलीघर कुशवाहा व अर्जुन कुशवाहा के खेत में चली गयी थी जिससे उग्र होकर इन लोगों द्वारा मेरी गाय को करेंट से मार डाला गया तथा खेत से 300 मीटर की दूरी पर ट्रेक्टर से बांधकर तथा घसीटकर फेंका गया है एवं मेरी मृत गाय पर चोट के निशान है उक्त मामले की जानकारी होने पर बजरंग दल से भोलू द्विवेदी व संजय कुमार पांचाल व अन्य कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुँच गये एवं दोषियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही की माँग करने लगे मामले की जानकारी मिलते ही प्रभारी थानाध्यक्ष रमेश कुमार व रिवई चौंकी प्रभारी मलखान सिंह मौके पर पहुँच गये पुलिस द्वारा पशुचिकित्सालय चरखारी के डा. सुरेन्द्र सिंह के द्वारा मृत गाय का नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया गया है थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि गाय की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# पुलिस माडर्न स्कूल में समर कैंप का भव्य समापन

## – बच्चों ने खेल, योग, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखाई प्रतिभा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। 21 मई से 31 मई तक चले इस कैंप में बच्चों ने खेल, योग, संगीत, शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में बढ़–चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्.ष्ट प्रदर्शन किया। वामा सारथी अध्यक्षा रीना श्रीवास्तव के निर्देशन एवं जनपद इकाई के सहयोग से आयोजित इस समर कैंप के समापन समारोह में सरिता शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं वामा सारथी अध्यक्षा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के




साथ किया गया। समर कैंप के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए योग प्रशिक्षण, इंडोर गेम्स, बैडमिंटन, हिंदी एवं अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता, आर्ट एंड क्राट, जूडो–कराटे प्रशिक्षण, संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण, रेन डांस सहित अनेक शैक्षिक, सांस्.तिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया। कैंप के दौरान कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक कक्षाओं का भी संचालन कराया गया, जिससे उनकी परीक्षा तैयारी को और अधिक सु.ढ़ बनाया जा सके। समापन समारोह में बच्चों ने स्वागत गीत, गायन, नृत्य, योग प्रदर्शन एवं अन्य सांस्.तिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण–पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में वामा सारथी अध्यक्षा रीना श्रीवास्तव ने बच्चों को अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे समर कैंप बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास वृद्धि तथा सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में पुलिस मॉडर्न स्कूल के प्रधानाचार्य अभिषेक सक्सेना ने मुख्य अतिथि, प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं प्रतिभागी बच्चों का आभार व्यक्त करते हुए समर कैंप को सफल बनाने में सभी के सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स, जसवन्तनगर आयुषी सिंह, वंदना सिंह, प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चन्द्र यादव, प्रधानाचार्य अभिषेक सक्सेना, विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाएं, स्टाफ तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। सीख, संस्कार और प्रतिभा का संगम बना समर कैंप दस दिनों तक चले इस समर कैंप ने बच्चों को सीखने, नई प्रतिभाओं को पहचानने और आत्मविश्वास विकसित करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया। बच्चों एवं अभिभावकों ने इस आयोजन को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक एवं यादगार बताते हुए इसकी सराहना की।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# तमंचा लेकर घूम रहे शातिर को पुलिस ने दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा अवैध तमंचे



के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया है, अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। गौरतलब हो कि 31 मई की देर रात्रि थाना तिन्दवारी पुलिस गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सेमरी रोड के पास एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता हुआ दिखाई दिया। पुलिस द्वारा उससे वहां घूमने का कारण पूछे जाने पर वह भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुए। जिसके सम्बन्ध में थाना तिन्दवारी पर अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्त को गिरतार कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया। पकड़े गए अभियुक्त राहुल पुत्र रामरुप निवासी सेमरी थाना तिन्दवारी के विरुद्ध मु0अ0सं0 114/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना तिन्दवारी में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में सृष्टि नगायच चौकी प्रभारी कुरसेजा, उ0नि0 फूलसिंह, कां0 शमशेर बहादुर, म0कां0 ज्योति शुक्ला शामिल रहे।

# कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

पैलानी, बांदा। पैलानी तहसील क्षेत्र में पानी की किल्लत के साथ साथ लाइट ना आने से 45 डिग्री सेल्सियस तापमान में क्षेत्र के लोग बीमार हो रहे हैं बेहोश होकर गिर रहे जिम्मेदार नदारद है। तहसील पहुंचे कांग्रेस नेता अंकित साहू समेत सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा आज शाम तक बिजली व्यवस्था न सुधारने पर आंदोलन की चेतावनी दी। मीडिया से रूबरू होते हुए कांग्रेस नेता अंकित साहू ने बताया कि तहसील क्षेत्र में एक हते से बिजली पानी की परेशानी से लोग जूझ रहे हैं अधिकारियों द्वारा बार बार अवश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिलता। वहीं सरकार द्वारा की गई दस प्रतिशत वृद्धि का भी साहू ने विरोध किया। इस मौके पर क्षेत्रवासी एड श्रवण कुमार एड अशोक सिंह गौर अनुराग शिवहरे अविनाश त्रिवेदी आयुष अंश अभिषेक शिवाकांत गुप्ता समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# छह माह का जीवनदान या विकास की नई शुरुआत? प्रशासक व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज

## – प्रधानों का कार्यकाल बढ़ने और प्रशासक नियुक्ति को लेकर उठ रहे कई सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पंचायतों में प्रधानों के कार्यकाल को छह माह तक बढ़ाए जाने तथा प्रशासक व्यवस्था लागू किए जाने के बाद क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि इस व्यवस्था से किसे लाभ होगा और ग्राम विकास कार्यों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। जानकारों के अनुसार प्रशासक नियुक्त होने के बाद ग्राम पंचायतों के प्रशासनिक कार्यों की निगरानी अधिक व्यवस्थित ढंग से की जा सकती है।क्क विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, वित्तीय अनुशासन तथा सरकारी योजनाओं की समीक्षा में प्रशासन की सीधी भूमिका बढ़ जाती है। इससे लंबित कार्यों को गति मिलने की संभावना रहती है। वहीं कुछ ग्रामीणों का मानना है कि स्थानीय स्तर पर चुने गए जनप्रतिनिधियों की भूमिका सीमित होने से जनता और प्रशासन के बीच दूरी बढ़ सकती है। उनका कहना है कि ग्राम पंचायतों की समस्याओं को सबसे बेहतर तरीके से स्थानीय प्रतिनिधि ही समझते हैं। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि प्रशासक व्यवस्था का उद्देश्य विकास कार्यों को बाधित होने से बचाना तथा पंचायतों में प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखना है। आने वाले महीनों में यह स्पष्ट होगा कि यह व्यवस्था ग्रामीण विकास को नई दिशा देती है या फिर लोगों की अपेक्षाओं पर खरी उतरने में चुनौतियों का सामना करती है।

# बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

## - 14 छात्र-छात्राओं को मिली 21-21 हजार की प्रोत्साहन राशि

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायक सरिता भदौरिया ने की। इस अवसर पर लखनऊ के लोकभवन से आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मेधावी छात्र सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण भी देखा और सुना गया। समारोह को संबोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि परीक्षा में अनेक विद्यार्थी सम्मिलित होते हैं, लेकिन सम्मान का अवसर उन्हीं को प्राप्त होता है जो कठिन परिश्रम, लगन और अनुशासन के साथ अध्ययन करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति, परिवार और समाज के उत्थान का सबसे प्रभावी माध्यम है। एक सफल व्यक्ति न केवल अपना बल्कि अपने माता–पिता और आने वाली पीढ़ियों का जीवन भी संवारता है। उन्होंने विद्यार्थियों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न छात्रहितकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान समय युवाओं की प्रगति के लिए अत्यंत अनुकूल है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का महत्व समझाते हुए कहा कि समय दुनिया की सबसे मूल्यवान संपत्ति है, जिसे वापस नहीं लाया जा सकता। जिलाधिकारी ने मेधावी



विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपने परिवार, विद्यालय, जनपद एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह निष्पक्ष है और जो विद्यार्थी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के साथ अध्ययन करते हैं, वे निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच विकसित करने, अच्छी संगति अपनाने तथा समूह अध्ययन की आदत डालने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करती है। नवचयनित आईएएस अधिकारी कोमल पुनिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने शिक्षकों का सदैव सम्मान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चयन करें, लेकिन अपने लक्ष्य से कभी भटकें नहीं और निरंतर प्रयास करते रहें। समारोह में 14 मेधावी विद्यार्थियों को 21–21 हजार की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य मेधावी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, हरि नारायण बाजपेई, अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, संबंधित अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह में विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से अपने सपनों को साकार करने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।

# बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

## - सीएम के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण को सभी ने देखा

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कार्यक्रम में




उ०प्र० माध्यमिक शिक्षा परिषद् प्रयागराज परीक्षा वर्ष 2026 के प्रथम 10 स्थान प्राप्त एवं उ०प्र० माध्यमिक संस्.त शिक्षा परिषद्, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली व काउन्सिल फॉर दि इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट इग्जामिनेशन नई दिल्ली के सर्वोच्च 10 मेधावी विद्यार्थियों, इस प्रकार कुल 223 राज्य स्तरीय मेधावी विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों (प्रत्येक विद्यार्थी के 01 अभिभावक) को राज्य स्तर पर 01 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से लोक भवन लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री के कर कमलों से सम्मानित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में मेधावी विद्यार्थियों को दिखाया गया। जिसमें जनपद के उ०प्र० माध्यमिक शिक्षा परिषद्, परीक्षा वर्ष 2026 के जनपद स्तरीय प्रथम हाईस्कूल स्तर के 10 तथा इण्टरमीएिडट स्तर के 10 मेधावी विद्यार्थियों, कुल 20 मेधावी विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं रू0 21,000–00 की धनराशि कोषागार के माध्यम से सम्बन्धित के खातों में हस्तान्तरित करते हुये जनपद स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, द्वारा जनपद में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 में प्रथम 10 स्थान लाने वाले छात्र–छात्राओं को बधाई दी और संदेश दिया कि सफलता की कुंजी कठिन परिश्रम है। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य, पी०एम० राजकीय इण्टर कॉलेज, महोबा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बलराम कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, देवेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर कॉलेज, नवीन कुमार अवस्थी, प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, चरखारी, गया प्रसाद त्यागी, प्रधानाचार्य, काशी प्रसाद इण्टर कॉलेज, खरेला उपस्थित रहे। अन्त में प्रेमचन्द यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सभी सम्माननीय अतिथिगणों, प्रधानाचार्यों, मेधाबी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# 151 विभूतियों को मिला इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड्स

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। पल्लव चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी एवं भव्य फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026 (सीजन– 4) एवं सांस्.तिक कार्यक्रम एवं बॉलीवुड भोजपुरी फिल्म कलाकारों का जमावड़ा द लिली विलास में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं सरोजनी नगर विधानसभा के विधायक डॉ0 राजेश्वर सिंह को आमंत्रित किया गया था, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं डॉ राजेश्वर सिंह का कार्यक्रम लखनऊ से बाहर होने के कारण आना नहीं हो पाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरविन्द त्रिपाठी (गुड्डू भईया) पूर्व एमएलसी एवं सदस्य विधान परिषद एवं मुख्य अतिथि पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया ने कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जेएमडी ग्रुप के बच्चो ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। एसके सक्सेना ने गीत ना मुंह छिपा कर जियो और न सर झुका कर जियो गीत की शानदार प्रस्तुति दी, योगा परफोर्मेंस प्रस्तुति में कोमल जायसवाल, एवं डांस प्रस्तुति अर्शी



कश्यप (डांस), युवराज सिंह (डांस), में शानदार परफोर्मेंस कर के दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में बॉलीवुड फिल्म एक्ट्रेस प्रियंका चौहान (भाभी जी घर पर हैं एवं हप्पू की उलटन–फुल्टन फेम) सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शामिल हुई। इस कार्यक्रम में 151 विभूतियों को विभिन्न विधाओं से पत्रकार, डॉक्टर, शिक्षक, वकील, फिल्म कलाकारों को, गीत संगीत से जुड़े हुए कलाकारों को, व्यापारी वर्ग को, समाज सेवक एवं समाज सेवी संस्थाओं को एवं अन्य क्षेत्रों में उत्.ष्ट कार्य करने वाली 151 विभूतियों में मुख्य रूप से अनुराग अग्रवाल समाजसेवक, विपिन कुमार गुप्ता प्रधान सम्पादक, प्रदीप सिंह बब्बू, सैयद नवाब, डॉ. संदीप सनातनी, अनिल आहूजा, अनिल विरमानी, धनंजय सिंह, समीर कुमार सिंह एडवोकेट हाईकोर्ट, .ष्ण कुमार सिंह प्रधान सम्पादक, विमल कुमार पाण्डेय एडवोकेट, डॉ अनिल प्रताप सिंह, धनंजय सिंह, सौरभ सिंह मोनू पार्षद, डॉ निरुपमा पांडेय, विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के प्रतिनिधि टीम रमाशंकर त्रिपाठी, केएन सिंह, फिल्म एक्ट्रेस डॉली गुप्ता, फिल्म कलाकार अनीस खान, भव्य रजत सिंह, ऐश्वर्या श्री, फिल्म लेखक रविन्द्र दुधानी, पत्रकार नजमुल हसन, सुनीत श्रीवास्तव, राशिद, अनुपम सक्सैना, सुभाष, आरके पॉल, वेद प्रकाश मिश्रा, आलिया खान, मिताली वर्मा, सोनू पॉल, फिल्म कलाकार सुशील शुक्ला बबलू, ज्योति शर्मा दिव्यांग सिंगर शबाब अली ने गीत सुना कर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर पल्लव चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा योगाचार्य सोनल श्रीवास्तव एवं योगाचार्य पंडित नवीन को ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया। इस कार्यक्रम में पत्रकार, डॉक्टर, शिक्षक, वकील, फिल्म कलाकारों को, व्यापारी वर्ग को, गीत संगीत से जुड़े हुए कलाकारों को, समाज सेवक एवं समाजसेवी संस्थाओं को एवं अन्य विधाओं में उत्.ष्ट कार्य करने वाले 151 विभूतियों को इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड्स देकर सम्मानित किया गया। ये जानकारी पल्लव चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी संस्था के सचिव एवं बॉलीवुड फिल्म एक्टर सुनील रॉकी एवं संस्था की अध्यक्ष गीताजंली सिंह ने दी।

# कन्या जन्मोत्सव में 13 नवजात बेटियों का हुआ सम्मान

## – बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत माताओं को दी योजनाओं की जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला न्यायाधीश एवं



पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आरती द्विवेदी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान 13 नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया तथा बेटियों के जन्म पर परिवारों को शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर नवजात कन्याओं को बेबी किट एवं जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जबकि उनकी माताओं को ड्राई फ्रूट भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने नवजात बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान माताओं एवं उनके परिजनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, जननी सुरक्षा योजना तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं से जुड़कर बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर नारी सशक्तीकरण को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार ने उपस्थित परिवारों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के विभिन्न चरणों एवं उससे मिलने वाले लाभों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विभागीय योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री एवं पंपलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (महिला) डॉ. अनिल कुमार, जिला प्रोबेशन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी, जिला महिला चिकित्सालय का स्टाफ तथा नवजात कन्याओं के परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, उनके जन्म को उत्सव के रूप में मनाना तथा महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# नटराज संगीत महाविद्यालय में ग्रीष्म कालीन गोष्ठी आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बादा। अखिल भारतीय साहित्य परिषद चित्रकूट धाम मंडल इकाई द्वारा ग्रीष्मकालीन गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी राम प्रताप शुक्ल मानस किंकर की अध्यक्षता में नटराज संगीत महाविद्यालय कालू कुआ में संपन्न हुई। जिसका संचालन राजेश तिवारी रंजन महामंत्री ने सरस्वती वंदना के साथ किया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉक्टर गया प्रसाद त्रिपाठी संरक्षक अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं विशिष्ट अतिथि सबल सिंह पूर्व जिला कीड़ा




अधिकारी सहित दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण कर गोष्ठी प्रारंभ हुई। सरस्वती वंदना उपरांत सभी साहित्यकारों ने काव्य पाठ किया। सर्वप्रथम केवल प्रसाद द्विवेदी स्मृतियों में डूबे मन मलिन रहता है, कमल सिंह कमल– राग रागिनी नहीं पता, अमरपाल सिंह वो तल में मेरी जान मेरे पास रहना, आरसी योगा– सुन रे मनवा राम भजन कर, धर्मपाल सेगर– चली मोरी धनिया चित्रकूट पइया–पइया, राजेंद्र तिवारी स्वदेश–आओ बच्चों, अब की छुट्टी चलते अपने गांव में, रीता गुप्ता– कर्मों के परिणाम प्रबल हो सकते हैं, चंद्र प्रकाश व्यथित– मनभावन मधु रितु बसंत शिव पूजन की तैयारी है, अजय कुमार शर्मा– ग्रीष्मकल की छुट्टियां हुई खुशी हुए सब बाल, सबल सिंह– शरीर मा स्वस्थ रखना, राजेश तिवारी रंजन– पिता की प्रेम दीवारें कभी ढहते नहीं देखा, डॉक्टर गया प्रसाद तिवारी आज घर के दिए, घर जलाने चले, कैसे कह दूं कि दोषी यह तूफान है,दयानंद सिंह ज्ञान दायिनी मां शारदे हमें ज्ञान दे, गोपाल दास गुप्त साथी का स्वागत सत्कार सभी ने स्वीकार किया। अंत में राम प्रताप शुक्ल मानस किंकर ने काव्य पाठ में कहा आओ सच्चे मित्र बनकर मित्रता निभाएं। इसके बाद सभी साहित्यकारों का आभार व्यक्त करते हुए गोष्ठी के समापन की घोषणा की।

# एनएमपीसी राष्ट्रीय संगठन मंत्री का मनाया जन्मदिन

## - पूर्व सैनिकों, पत्रकारों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाज सेवा, राष्ट्र सेवा एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले नेशनल मीडिया प्रेस क्लब (एनएमपीसी) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री जागेश्वर फौजी का जन्मदिन जनपद में अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। जन्मदिवस के अवसर को केवल उत्सव तक सीमित न रखते हुए जनसेवा का रूप दिया गया, जिसके तहत फौजी कॉम्प्लेक्स बडनपुर चौराहा गाजीपुर रोड में विशाल शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों, युवाओं एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर जागेश्वर फौजी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः लगभग 10 बजे हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने जागेश्वर फौजी का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उनके स्वस्थ, सफल एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इसके पश्चात केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। जन्मोत्सव के दौरान उपस्थित लोगों ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। जन्मदिवस समारोह को जनहित से जोड़ते हुए शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों, यात्रियों, रिक्शा चालकों, मजदूरों, दुकानदारों एवं आम नागरिकों को पूरे दिन शीतल शरबत वितरित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर स्वयं जागेश्वर फौजी एवं उनके सहयोगी लगातार उपस्थित रहकर लोगों का स्वागत करते रहे। गाजीपुर रोड से गुजरने वाले राहगीरों को रोक–रोक कर शरबत पिलाया गया और उन्हें गर्मी से राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया। यह सेवा कार्य पूरे दिन लगातार चलता रहा, जिसकी लोगों ने मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष कैप्टन पीताम्बर सिंह ने जागेश्वर फौजी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जागेश्वर फौजी न केवल एक पत्रकार हैं बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित व्यक्तित्व भी हैं। उन्होंने हमेशा पूर्व सैनिकों, समाज के कमजोर वर्गों एवं जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने का कार्य किया है। उनके जन्मदिवस पर आयोजित यह जनसेवा कार्यक्रम उनके व्यक्तित्व की सादगी और समाज के प्रति समर्पण को दर्शाता है। वहीं पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन के जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ



समाजसेवी कोटेश्वर शुक्ल ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जागेश्वर फौजी वर्षों से समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पत्रकारिता के माध्यम से जनसमस्याओं को शासन–प्रशासन तक पहुंचाने तथा सामाजिक सरोकारों को मजबूती देने में उनका योगदान सराहनीय है। कार्यक्रम में उपस्थित नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी ने संगठन की ओर से जागेश्वर फौजी को सम्मान पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान कर जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि जागेश्वर फौजी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संगठन निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने पत्रकारों के हितों की रक्षा, संगठन विस्तार तथा समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का कार्य किया है। उनके व्यक्तित्व एवं कार्यशैली से संगठन के कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रेरणा मिलती है। श्री फौजी ने कहा कि जन्मदिन केवल व्यक्तिगत खुशी का अवसर नहीं है बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को याद करने का भी दिन है। इसी भावना के साथ शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि जरूरतमंदों और राहगीरों को गर्मी से राहत पहुंचाई जा सके। उन्होंने सभी आगंतुकों, पत्रकार साथियों, पूर्व सैनिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान शाह आलम वारसी ने कहा कि जागेश्वर फौजी ने पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं बल्कि मिशन के रूप में अपनाया है। उन्होंने हमेशा निष्पक्ष एवं जनहितकारी पत्रकारिता को प्राथमिकता दी है। सामाजिक, राष्ट्रीय एवं जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया है। यही कारण है कि उन्हें पत्रकारों, पूर्व सैनिकों एवं आम नागरिकों के बीच विशेष सम्मान प्राप्त है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जन्मदिन के अवसर पर उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफलता की कामना की। कई वक्ताओं ने कहा कि जागेश्वर फौजी समाजसेवा, पत्रकारिता और राष्ट्रहित के कार्यों में जिस समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं, वह युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर विवेक कुमार सैनी, संतोष कुमार प्रजापति, मोहम्मद रजा सिद्दीकी, नितिन यादव सहित बड़ी संख्या में पत्रकार, पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारिक वर्ग के प्रतिनिधि, युवा साथी एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में जागेश्वर फौजी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की मंगलकामना की।

# तमंचा कारतूस समेत दो वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रतिज्ञा सिंह के नेतृत्व में 31 मई की रात्रि को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को अवैध तमंचा के साथ गिरतार कर लिया गया।




गौरतलब हो कि थाना अतर्रा पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि सेमरिया मिर्दहा साई मंदिर के आगे दो संदिग्ध व्यक्ति एक मोटरसाइकिल के साथ खड़े हैं। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर पूछताछ करने की कोशिश की तो दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे जिसे पुलिस द्वारा घेराबन्दी कर आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए पकड़ लिया गया तथा तलाशी लेते हुए कड़ाई से भागने का कारण पूछा गया तो दोनों ने बताया कि उन्होने ये मोटरसाइकिल 28 मई को कानपुर रमाबाई चौराहे से चोरी की थी और पकड़े जाने के डर से नम्बर प्लेट बदलकर किसी राहगीर को बेचने के लिए आये थे। तलाशी में अभियुक्त गुरु प्रसाद के कब्जे से एक अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरतार कर मोटरसाइकिल व अवैध तमंचे को कब्जे में लेकर थाना अतर्रा में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त कर मा0 न्यायालय भेजा गया। पकड़े गए अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र विजय बहादुर निवासी नगनेधी थाना अतर्रा व गुरु प्रसाद पुत्र अशोक निवासी नगनेधी थाना अतर्रा के विरुद्ध मु0अ0सं0 200/26 धारा 317(2), 319(2), 318(4), 338, 336(3)340(2) बीएनएस थाना अतर्रा में अभियोग दर्ज किया गया।

# सीसी सड़क व नाली का कार्य बीच में छोड़ संबंधित नदारद

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। भारी स्टेंड निकटवर्ती ईदगाह रोड रूहाड़े की पटरी जोकि दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे से गंगोह रोड के लिये बाईपास का काम करता है। यहां से अधिकांश वाहनों की आवागमन दिन में ही देखने को मिलता है क्योंकि रात्रि में यह रोड किसी जोखिम भरे रास्ते से कम



नही है। इसी रास्ते को बेहतर और आरामदायक बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक किरात सिंह द्वारा सीसी सड़क व नाली का निर्माण कार्य प्रस्ताव पास करा महा फरवरी में उद्घाटन किया गया था। अब इस सड़क निर्माण कार्य को माह फरवरी में चालू तो किया गया था लेकिन इस कार्य को पूरा करने से सम्बधित नदारद है। स्थानीय लोगो का कहना है कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य फरवरी में चालू किया गया था जोकि कुछ दिनों बाद कार्य बीच में ही छोड़ आज तक वापस नही आये। अब इस सड़क के किनारे रूहाड़े की पटरी पर सफाईकर्मी घरो का कूड़ा डालते है जिससे सड़क पर हर समय गंदगी का अम्बार लगा रहता है और यहा से गुजरने वाले लोगो को भारी समस्या होती है जबकि यह रास्ता गंगोह शामली के लिए बाईपास का काम करता है।

# महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे व्यापारी, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। बढ़ती महंगाई और लगातार बढ़ रहे ईंधन, गैस तथा बिजली शुल्क के विरोध में सोमवार को व्यापारी एकता परिषद के बैनर तले व्यापारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नुमाइश ग्राउंड में एकत्र हुए, जहां से उन्होंने पैदल मार्च निकालते हुए जिला मुख्यालय तक पहुंचकर प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय पर पहुंचने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा।



ज्ञापन में देश में बढ़ती महंगाई पर चिंता व्यक्त करते हुए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण लगाने की मांग की गई। व्यापारी एकता परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि हाल के दिनों में कमर्शियल गैस सिलेंडर, डीजल, पेट्रोल तथा बिजली पर लगाए गए अतिरिक्त शुल्कों से व्यापारी वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। उनका कहना था कि व्यापारी समाज देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और समय–समय पर करों एवं अन्य माध्यमों से सरकार का सहयोग करता है, इसके बावजूद व्यापारियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य बढ़ती महंगाई के खिलाफ आवाज उठाना तथा व्यापारियों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया और बढ़ी हुई कीमतों में राहत नहीं मिली तो संगठन प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन की रणनीति तैयार करेगा। प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी, प्रदेश महामंत्री देवेश चौधरी, नईम अहमद, मोहम्मद काशिफ, मोहम्मद अजहर बुखारी, मुस्तकीम अहमद, आबिद अहमद, विजय मोहन गुप्ता, जुनैद अंसारी, प्रशांत चौधरी, राजीव कुमार, हितेंद्र खरबंदा, मुकीम अहमद, चरण सिंह, आशीष गुप्ता, नमन उपाध्याय, विशाल चौधरी, विनीत चौधरी, सुरेंद्र शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. बब्बू सारंग के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें तंबाकू एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय की ओर से उपस्थित चिकित्सकों ने तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों एवं अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा लोगों से तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने का आह्वान किया।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव योगेश शिवा ने कहा कि तंबाकू एवं नशे की लत केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं बल्कि उसके परिवार, सामाजिक जीवन एवं आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को विशेष रूप से तंबाकू एवं नशे से दूर रहने की आवश्यकता है तथा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने परिवार एवं समाज को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करे। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समय–समय पर जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों तक आवश्यक जानकारी पहुंचाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को तंबाकू मुक्त एवं नशा मुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्तागण, पैरालीगल वालंटियर्स, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# बंदर के हमले में बालक घायल, जिला अस्पताल रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

चांदपुर, बिजनौर। ग्राम पाड़ला में बंदरों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। सोमवार को एक 11 वर्षीय बालक बंदर के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार बालक अपने घर की छत पर सो रहा था। इसी दौरान एक बंदर ने अचानक उस पर हमला कर दिया और काटकर घायल कर दिया। बच्चे के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले गए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे पूर्व भी गांव की एक महिला और एक युवक पर बंदर हमला कर चुके हैं। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाएं एक पेड़ माँ के नाम : संतोष कुमार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में उत्तर प्रदेश के लिए वर्ष 2026–27 में 35 करोड़ पौधरोपण का विशाल लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जो, इस बार पूरी तरह से पर्यावरण संरक्षण और अपनी जननी (माँ) के प्रति समर्पित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने समस्त जनपदवासियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आगामी विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून के अवसर पर आयोजित होने जा रहे महाअभियान एक पेड़ माँ के नाम को पूरी भव्यता और जन–भागीदारी के साथ सफल बनाने की भावपूर्ण अपील की। जनपद में सुचारू पौधरोपण और जन–जागरूकता हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए उन्होंने बताया कि, इस वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम प्र.ति से प्रेरित–जलवायु के लिए–हमारे भविष्य के लिए। रखी गई है। इस भावना को धरातल पर उतारने के लिए व्यापक जन–जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड (ब्लॉक) स्तर, नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रधानमंत्री के आह्वान पर श्एक पेड़ माँ के नामश कार्यक्रम का वृहद स्तर पर आयोजन किया जाएगा। अभियान




के तहत की जाने वाली समस्त गतिविधियों और पौधरोपण की तस्वीरों को मेरी लाइफ पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाएगा तथा वन एवं वन्यजीव विभाग के मुख्यालय स्थित कमाण्ड सेंटर को भी इसकी सूचना भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। आइए, इस 5 जून को हम सब मिलकर अपनी माँ के सम्मान में और धरती माँ के संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखरेख का भी संकल्प लें। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने समस्त जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे रोपे गए पौधों की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर हैशटैग करें और एक पेड़ मां के नाम के साथ साझा कर इस मुहिम का हिस्सा बनें।

# डीएम ने शिकायतकर्ताओं से फोन पर की सीधी बात

**- लापरवाही बरतने पर राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश**

**- जनसुनवाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, अधिकारी करें कार्यो की क्रश्स चेकिंग : डीएम**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने तहसील सिरसागंज का औचक निरीक्षण किया और रिकॉर्ड रूम, संग्रह, अभिलेखागार और कानूनगो रजिस्टर की गहन जांच की। साथ ही, जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं से टेलिफोनिक वार्ता कर उनकी शिकायतों का निस्तारण हुआ या नहीं, इसकी जानकारी ली और शिकायत रजिस्टर का अवलोकन किया। जिन शिकायतों का निस्तारण पूर्ण दिखाया गया था, उनकी जमीनी हकीकत जानने के लिए जिलाधिकारी ने खुद शिकायतकर्ताओं से सीधी फोन पर वार्ता की। निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर की दीवारों पर जगह–जगह पान–तंबाकू खाकर थूके जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि परिसर में इस तरह की हरकत करने वालों को चिन्हित कर उन पर भारी जुर्माना लगाया जाए




और परिसर को पूरी तरह साफ–सुथरा रखा जाए। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सुनीता देवी से वार्ता कर यह जानना चाहा की खतौनी में नाम दर्ज करने की जो शिकायत की थी, वह कार्य हुआ है या नहीं, जिस पर सुनीता देवी ने बताया कि, उनका काम पूरी तरीके से हो चुका है, इसी तरह विनय कुमार और रचना देवी ने राशन कार्ड बनने को लेकर शिकायत की थी इन दोनों लोगों ने जिलाधिकारी को भी अवगत कराया कि इनका राशन कार्ड बन चुके हैं। दूरभाष पर वार्ता के दौरान जब, जिलाधिकारी ने गोपाल नामक शिकायतकर्ता से अवैध कब्जे के संबंध में पूछा तो उन्होंने बताया कि, मौके से अभी तक अवैध कब्जा नहीं हटा है, कागजी निस्तारण के विपरीत जमीनी हकीकत कुछ और पाए जाने पर जिलाधिकारी अत्यंत नाराज हो गए। उन्होंने इस घोर लापरवाही के लिए संबंधित राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को तत्काल प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिरसागंज को निर्देशित किया की तहसील में आने वाले सभी मामलों और किए गए निस्तारण का अनिवार्य रूप से क्रॉस चेकिंग की जाए। ताकि, कार्यों की गुणवत्ता निखर कर सामने आए। जिलाधिकारी ने कहा कि, वर्तमान सरकार जनसुनवाई के प्रति अत्यंत संवेदनशील है, इसमें किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तहसील में आने वाले हर फरियादी की शिकायत को क्रॉस चेकिंग अवश्य की जाए, साथ ही परिसर में साफ–सुथरा माहौल रखा जाए, तभी एक स्वच्छ कार्य प्रणाली विकसित हो सकेगी।

# विकास व सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही सरकार : योगी

**- पांच बार टलने के बाद हुआ सीएम का दौरा**

**- हजारों लोगों की मौजूदगी में जनसभा को किया संबोधित**

न्यूज वाणी ब्यूरो

अफजलगढ़, बिजनौर। आलमपुर गांवड़ी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक–चौबंद रहीं। दोपहर में हेलीकॉप्टर से पहुंचे मुख्यमंत्री का जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों, .षि एवं उद्यानिकी से संबंधित प्रदर्शनी, ऊर्जा विभाग तथा पुलिस विभाग के स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने प्रेरणा कैफे का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों और पूर्व सैनिकों से मुलाकात की। साथ ही किसानों एवं पूर्व को अधिकार पत्र और खतौनी वितरित की गई। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को भी सम्मानित किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं और विकास का लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध और अराजकता के लिए कोई स्थान नहीं है तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने समाज में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर



जोर दिया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हजारों नागरिक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए पूरे क्षेत्र में विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई थी। मंडल और जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम की निगरानी में जुटे रहे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री का प्रस्तावित दौरा पूर्व में कई बार स्थगित हो चुका था। लंबे इंतजार के बाद सोमवार को कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था और आसपास के मार्गों पर यातायात का दबाव भी देखने को मिला।

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में सोलर पैनल संयंत्र की स्थापना की जाएगी : डीएम

**- पीएम सूर्य घर मुत बिजली योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पीएम सूर्य घर मुत बिजली योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक अद्द संयंत्र स्थापित किया जाय। डीएम ने कहा कि ग्राम पंचायतों में संयंत्रों की स्थापना से दूसरे ग्रामवासियों में सोलर पैनल को लेकर प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने डीपीआरओ को यह भी निर्देश दिया कि ग्राम प्रधानों को प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कम से कम 05 पैनल स्थापित करने का लक्ष्य आवंटित किया जाय। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि उचित दर विक्रेताओं को भी सोलर पैनल लगवाने के लिए जागरूक किया जाये तथा कार्डधारकों को भी सुविधा हो। नगर निकायों के अधि



शासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नगरीय क्षेत्रों के सभी वार्डों में सभासदों व वेंडर्स के सहयोग से शिविर आयोजित कर लोगों को योजना की जानकारी देकर अधिक से अधिक सोलर पैनल की स्थापना करायें। डीएम ने प्रभारी अधिकारी नेडा को निर्देश दिया कि योजना के अन्तर्गत अधिकाधिक आवेदन प्राप्त कर वेंडर चयन की प्रक्रिया में प्रगति लायी जाय। डीएम ने वेंडर्स को निर्देश दिया कि प्रतिदिन कैम्प आयोजित कर लोगों को योजना की जानकारी दें ताकि लोग स्वेच्छा से सोलर पैनल की स्थापना के लिए आगे आयें। डीएम ने कहा कि जनपद बहराइच में कार्यरत समस्त सरकारी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की सूची तैयार कर कार्मिकों को भी योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाय। उन्होंने वेंडर्स की समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत विभाग, बैंक एवं यूपीनेडा के अधिकारियों की संयुक्त समिति गठित करने के साथ–साथ प्रत्येक शुक्रवार को बैठक आयोजित कर विद्युत एवं बैंक से सम्बन्धित समस्याओं को निराकरण कराया जाये ताकि योजना को अपेक्षित गति मिले सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपी नेडा, जिला अग्रणी प्रबन्धक, अधिषासी अभियन्ता विद्युत बहराइच, सहायक अभियन्ता विद्युत मीटर, जिला समन्वयक सहित वेंडर्स व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# ओमकार नाथ मिश्रा बने अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग के जिला प्रतिनिधि

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के संगठन मंत्री ओंकारनाथ मिश्रा उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) बेचन राम ने जनपद निवासी ओमकार नाथ मिश्रा को आयोग का जिला प्रतिनिधि नामित किया है। इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र भेजकर जानकारी दी गई है।

जारी पत्र के अनुसार नववस्ता निवासी ओमकार नाथ मिश्रा पुत्र कीर्तन प्रसाद को उनके सामाजिक कार्यों एवं जनहित के मुद्दों के प्रति सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयोग की ओर से उन्हें जनपद बहराइच में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से संबंधित जनसमस्याओं के निराकरण तथा जनहित के कार्यों के समन्वय हेतु जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि ओमकार नाथ मिश्रा जनपद स्तर पर आयोग एवं आमजन के बीच समन्वय स्थापित कर समस्याओं के समाधान में सहयोग करेंगे। उनकी नियुक्ति की सूचना जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जनपद के समस्त थाना प्रभारियों तथा सूचना विभाग को भी प्रेषित की गई है। इस नियुक्ति पर क्षेत्र के लोगों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ओमकार नाथ मिश्रा को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे जनसमस्याओं के समाधान में प्रभावी भूमिका निभाएंगे।

# आदेश को चुनौती दे रहा शिक्षण संस्थान, 9.24 पर खुला मिला स्कूल

**– आर्यन दीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रही कौन सी क्लास, प्रशासन करें तहकीकात**

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। प्रचंड गर्मी के प्रकोप से जहां एक ओर हर कोई परेशान है लगातार तापमान में होती बढ़ोतरी से शुरू हुआ हीटवेव का दौरा खुले आसमान के नीचे चलने से महफूज रहने की मानो हिदायत दे रहा है गर्मी के भयानक प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने बीती 22 मई को एक आदेश जारी किया गया जिसमें समस्त बोर्ड के सरकारी परिषदीय गैर सरकारी प्राइवेट विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के आदेश जारी किए गए जिसमें से प्राइमरी से कक्षा 8 तक जनपद के संपूर्ण



विद्यालय बंद रहने का फरमान अगले आदेश तक जारी किया गया लेकिन बीते सोमवार को डलमऊ क्षेत्र के मुराई बाग कस्बे में स्थित आर्यन दीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गेट के बाहर छात्र–छात्राओं की साइकिलें खड़ी मिली जिससे यह स्पष्ट होता है कि विद्यालय में शिक्षण कार्य आदेश के विपरीत जाकर भी चलाया जा रहा है। समय तकरीबन 9.24 मिनट पर विद्यालय के अंदर शिक्षण कार्य पूरी तरीके से चल रहा था जो सरकारी आदेश को पूर्ण तरीके से चुनौती दी जा रही थी गर्मी के जारी इस प्रकोप से जहां रोड पर निकलना दूभर हो चुका है। वही छात्र और छात्राएं साइकिल चलाकर इस चिलचिलाती धूप में विद्यालय पहुंच रहे हैं जो उनके स्वास्थ्य के साथ पूरी तरीके से खिलवाड़ माना जा सकता है और विद्यालय प्रबंधन इसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार है, यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी हालांकि समाचार पत्र इस बात की पुष्टि नहीं करता कि विद्यालय के अंदर कौन से क्लास के बच्चों को शिक्षा दी जा रही थी या फिर कोचिंग, लेकिन इतना जरूर है बीते दिन विद्यालय खुला पाया गया और दो दर्जन से ज्यादा छात्र–छात्राओं की साइकिलें विद्यालय गेट पर मौजूद रहीं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय के अंदर कोचिंग भी दी जाती है जो खंड शिक्षा अधिकारी के लिए यह जांच का विषय है कि आखिर विद्यालय क्यों खुला था और किस क्लास के बच्चों को पढ़ाया जा रहा था या फिर कोचिंग दी जा रही थी।

# नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

**– घोषणा पत्र के अनुसार जनता से किये गए वादों को निभाऊंगी : पूजा कसाना**

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। सोमवार की शाम खुदागंज रोड़ पर स्थित शान मैरिज हाल में आयोजित शपथ समारोह में नवनिर्वाचित चेयरमैन डॉ पूजा कसाना को तिलहर एसडीएम जीत सिंह रॉय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।



शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भारी समर्थकों का हुजूम मौजूद रहा। लोगों ने आतिशबाजी कर खुशियां मनाई। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने जो चुनाव के दौरान वायदा किया है। उन वादों को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाऊंगी। उन्होंने ने बताया कि मेरी पहली प्रथमिकता नगर का समुचित विकास करना एवं जलभराव की समस्या से निजात दिलाना है। उन्होंने कहा कि मैं नगर पंचायत के सम्पति रजिस्टर को अपडेट करा कर सरकारी सम्पतियों को सुरक्षित करूंगी। नगर निर्माण के कार्यो को प्राथमिकता के आधार कराए गए। पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन और कार्य पूरा कराकर सड़को की मरम्मत कराई जाएगी। क्षेत्र में स्टेडियम व पार्क के लिए भूमि को चयनित कर शीघ्र ही कार्य शुरू कराया जाएगा। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व चेयरमैन प्रदीप कुमार जायसवाल, कौशल किशोर यादव, दानिश जीशान खाँ, आरिश खाँ, पुनीत गुप्ता, पंकज गुप्ता राजीव गुप्ता उर्फ राजू, नगर पंचायत सदस्य अजीम खाँ, सरदार अहमद, अनुज त्रिपाठी, अरविंद सिंह चौहान, सन्तोष गंगवार, संजीव सैनी, गौरव सागर, इस्माइल खाँ, बाबू मंसूरी फुंदन खाँ, बुलाकी कश्यप, इत्यादि मौजूद रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित प्रतिनिधि मंडल बिसंडा ब्लाक का किया दौरा

**– मृतकों के परिवार से मिलकर से बधाया ढाढस**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बिसंडा ब्लॉक का दौरा कार्यक्रम प्रतिनिधि मंडल के साथ किया। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि बिसंडा ब्लाक में 27 मई को एक ही दिन में बिसंडा कस्बे में दो जगहों पर ओवरलोड बालू भरे ट्रक द्वारा 7 लोगों को रौंदकर हत्या कर दी गई। मैं व जिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल मृतकों के परिवारों से मिले एवं उन्हें सांत्वना दी, न्याय का भरोसा दिलाया। 27 मई को दिन में लगभग दोपहर



3.50 बजे ओवरलोड बालू से भरे ट्रक द्वारा जनपद के बिसंडा कस्बे से पहले बांदा रोड पर नहर के पास एक रिटायर्ड शिक्षक निवासी ग्राम घूरी रामेश्वर प्रसाद अनुरागी को रौंदता है, उनकी मौके पर मृत्यु हो जाती है, इसके बाद यही ट्रक ओरन रोड पर बिसंडा कस्बे में आगे एक ई रिक्शा को रौंद देता है, रौंदने से मौके पर पांच लोग काल कलवित हो जाते हैं, तथा एक की मृत्यु अस्पताल में हो जाती है, इस प्रकार सात लोगों को रौंदकर ट्रक चालक ट्रक को लेकर भाग जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बतलाया कि कुछ लोग ओवरलोड बालू भरे ट्रक चलवाते हैं। जो उत्तर प्रदेश के बांदा व मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों से संबंधित है, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश से अवैध एवं ओवरलोड बालू की जबरदस्त ढुलाई चल रही है। सड़के ध्वस्त हो रही है। मौतें भी हो रही हैं। हम लोग ग्राम घूरी पहुंचे मृतक पूर्व शिक्षक के परिवार से मिले सांत्वना दी। ग्राम कोर्राही पहुंचे जहां के छह लोग काल कलवित हुए, जिसमें सोहन पुत्र रामलाल, राकेश पुत्र लोटन, ममता पत्नी मुन्ना श्रीवास, नवीन पुत्र शरीफ, शहबाज पुत्र शेरू, साफिया पुत्री शेरू हैं। इन मृतकों के परिवार से मिलकर न्याय का भरोसा दिलाया, कई लोग घायल हैं जो कि विभिन्न जगहों में विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। दौरे के उपरान्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व व राष्ट्रीय कांग्रेस नेतृत्व को पूरी घटना की जानकारी दी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के साथ में प्रतिनिधि मंडल में शामिल कांग्रेस जिला कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, बिसंडा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा व ब्लॉक उपाध्यक्ष रामनिहोर मिश्रा, लालबाबू राजपूत उपस्थित रहे।

# कुत्ते को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट, सात घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई, गाजीपुर। गहमर कोतवाली क्षेत्र के सेवराई गांव स्थित करवनिया का डेरा में सोमवार को कुत्ते को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में एक पक्ष के सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल




रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शांति व्यवस्था कायम रखते हुए दूसरे पक्ष के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पीड़िता रंभा देवी पत्नी रमेश प्रसाद ने बताया कि उनका पुत्र मिलन कुमार बिंद सोमवार सुबह लाइब्रेरी पढ़ने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे पड़ोसी रोहित बिंद एवं उसके साथियों ने लाठी–डंडे और लोहे की चेन से उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर जब परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे तो आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। घटना में रंभा देवी, रिंकी देवी, संगीता देवी, सुगवन्ती देवी, मिलन कुमार, अंकित कुमार और दिनेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर मिलन कुमार, रंभा देवी और अंकित कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों का आरोप है कि रोहित बिंद द्वारा पाला गया कुत्ता अक्सर लोगों पर हमला कर देता है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता है। इस संबंध में कई बार शिकायत और कहासुनी भी हो चुकी थी। आरोप है कि पुरानी रंजिश और इसी विवाद को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने एकजुट होकर हमला किया और पूरे परिवार को निशाना बनाया। इस संबंध में गहमर कोतवाल नंदकुमार तिवारी ने बताया कि मारपीट की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घायलों का उपचार कराया जा रहा है तथा मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ग्राम पंचायत अधिकारी के स्थानांतरण में नियमों की अनदेखी के आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई, बहराइच। ग्राम पंचायत अधिकारियों के स्थानांतरण को लेकर शासन द्वारा निर्धारित नीतियों और पारदर्शिता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। एक महिला ग्राम पंचायत अधिकारी के हालिया स्थानांतरण को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ




है। आरोप है कि स्थानांतरण प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की गई है, जिससे शासन की स्थानांतरण नीति पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। जानकारी के अनुसार संबंधित महिला ग्राम पंचायत अधिकारी की नियुक्ति वर्ष 2017 में हुई थी। वर्ष 2024 तक वह विकास खंड भदौरा के अंतर्गत सेवराई एवं गहमर न्याय पंचायतों में सचिव के रूप में कार्यरत रहीं। वर्ष 2024 में उनका स्थानांतरण विकास खंड विरनो कर दिया गया। हालांकि वहां उनका कार्यकाल मात्र चार माह का ही रहा और 4 अक्टूबर 2024 को जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश के तहत उन्हें विकास खंड रेवतीपुर भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि विकास खंड विरनो में अपने अल्प कार्यकाल के दौरान उन्होंने किसी ग्राम पंचायत का कार्यभार भी नहीं संभाला। इसके बाद रेवतीपुर में लगभग एक वर्ष कार्य करने के उपरांत 30 मई 2026 को पुनः उनका स्थानांतरण विकास खंड भदौरा कर दिया गया। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि शासन के सामान्य स्थानांतरण मानकों के अनुसार किसी कर्मचारी के विरुद्ध कोई गंभीर शिकायत न होने पर सामान्यतः तीन वर्ष की अवधि पूरी होने से पूर्व स्थानांतरण नहीं किया जाता। ऐसे में विरनो में चार माह और रेवतीपुर में लगभग एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद पुनः भदौरा में तैनाती को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा विकास खंड भदौरा में ग्राम पंचायत अधिकारियों की संख्या को लेकर भी चर्चा है। सूत्रों के अनुसार सात न्याय पंचायतों के सापेक्ष सात ग्राम पंचायत अधिकारियों की आवश्यकता है, जबकि नए स्थानांतरण के बाद संख्या बढ़कर आठ हो जाएगी। वहीं आकांक्षी विकासखंड रेवतीपुर में एक पद कम होने की स्थिति बन सकती है, जिससे वहां कर्मचारियों की उपलब्धता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इस मामले को लेकर लोगों का कहना है कि यदि स्थानांतरण शासन की नीति के अनुरूप हुआ है तो संबंधित विभाग को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। वहीं प्रशासनिक हलकों में यह चर्चा भी है कि स्थानांतरण संबंधी प्रस्तावों और अनुमोदन की प्रक्रिया में सभी तथ्यों का समुचित परीक्षण किया जाना आवश्यक है। हालांकि इस संबंध में डीपीआरओ गाजीपुर रमेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि शासनादेश के अनुसार अगर पति–पत्नी दोनों सर्विस में है तो उनके अनुरोध पर उन्हें संबंधित क्षेत्र में ही स्थानांतरण किया जा सकता है। जिसके क्रम में ही उनका स्थानांतरण भदौरा ब्लॉक किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व में कार्य ग्राम पंचायत उन्हें अलॉटमेंट नहीं होगी।

# सही को सही व गलत को गलत लिखने वाला ही पत्रकार : सरिता

## - हिंदी पत्रकारिता दिवस की 200 वीं वर्षगांठ पर संयुक्तप्रेस क्लब ने किया पत्रकारों का सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। हिंदी पत्रकारिता दिवस की 200 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संयुक्त प्रेस क्लब के तत्वावधान में रविवार को आयोजित पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में जनपद के अस्सी से अधिक वरिष्ठ एवं नवोदित पत्रकारों का सम्मान कर उन्हें दुर्घटना बीमा पॉलिसी तथा पहचान पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सदर सरिता भदौरिया ने कहा कि आजादी के समय से ही पत्रकारों ने इस देश और समाज की भलाई के लिए बहुत कुछ सहा है। पत्रकारिता तब भी बहुत कठिन थी और आज भी कठिन है, पत्रकारिता सच की आवाज है। सही को सही और गलत को गलत लिखना ही सच्ची पत्रकारिता है। लेकिन सच लिखने वाला वही पत्रकार आज जब सच लिखने की सजा पाता है तो बहुत चिंता होती है। इसलिए सच्चे पत्रकारों को सम्मान और संरक्षण दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित इस सम्मेलन में जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान करके वास्तव में मैं स्वयं को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा कि पत्रकार और अधिवक्ता का परस्पर अभिन्न नाता है, क्योंकि ये दोनों ही पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए तत्पर रहते हैं। अधिवक्ता और पत्रकार न हों तो अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ कोई लड़ाई नहीं लड़ सकता। वरिष्ठ पत्रकार गणेश ज्ञानार्थी ने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास और वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की आत्मा है। सच्चे पत्रकार हमेशा से सत्य और न्याय के लिए संघर्ष करते आए हैं और




आगे भी करते रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार नरेश भदौरिया, करुणाशंकर दुबे, स्वामीशरण श्रीवास्तव, खादिम अब्बास, गणेश ज्ञानार्थी, महेंद्र सिंह चौहान, महाराज सिंह भदौरिया, धर्मलाल चतुर्वेदी, रणवीर सिंह भदौरिया, त्रिलोकी सिंह चौहान, न्यूज वाणी ब्यूरो चीफ संजीव शर्मा, गौरव डुडेजा, संतोष पाठक के अलावा अस्सी से अधिक अन्य पत्रकारों का अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह तथा सभी को दुर्घटना बीमा पॉलिसी तथा संगठन का पहचान पत्र देकर सम्मान किया गया। इसके अलावा समाजसेवा के लिए समर्पित शहर की विशिष्ट शख्सियत के रूप में संगठन की ओर से सभासद पूनम पाण्डेय, गुरुद्वारा कमेटी एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष तरनपाल सिंह कालरा, सैफई मेडिकल कॉलेज के सीनियर सर्जन डा. अनिल शर्मा के अलावा पत्रकारों की बीमा पॉलिसी के लिए विशेष सहयोग करने वाली बेटी भव्या भसीन को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन ने कहा कि मेरे जीवन का हमेशा से ये ध्येय रहा है कि दूसरों की सेवा के लिए जितना अधिक से अधिक कर सकूं, उसी रास्ते पर चलता आया हूं। और आगे भी पत्रकार हित में अपना सारा जीवन लगा दूंगा। इस अवसर पर उन्होंने एक सुंदर भजन भी गाया और सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के महामंत्री सुधीर मिश्र ने किया। कार्यक्रम में भरथना, बकेवर, लखना, जसवंत नगर, इकदिल, महेवा, बसरेहर, उदी आदि पूरे जनपद से बड़ी संख्या में आए पत्रकारों ने भाग लिया। संगठन के संरक्षक राजेंद्र यादव, अनुराग गुप्ता, इलेक्ट्रानिक मीडिया अध्यक्ष अन्नू चौरसिया, उपाध्यक्ष ओम रतन कश्यप, मसूद तैमूरी, संगठन मंत्री रघुवीर यादव कमल मिश्रा, प्रचार मंत्री नितेश प्रताप सिंह, संजीव शर्मा, मुनव्वर अली अर्शी, शाकिर अली, डॉ. सुशील सम्राट, डॉ. हरी शंकर पटेल, वहाज अली खान निहाल, मो.फारिक, कुलदीप सिंह,विपिन भदौरिया, सतनाम सिंह, दामोदर पाठक, संजीव राजपूत, वत्सला मिश्रा, भगवान दास शर्मा प्रशांत, मोहम्मद इदरीस आदि का विशेष सहयोग रहा।

# पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों के लिए नामित किये स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट

## - जिले के 11 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी भर्ती परीक्षा
## - परीक्षा में शामिल होंगे 4264 परीक्षार्थी
## - 08 से 10 जून तक 02 पॉली में सम्पन्न होगी परीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उ.प्र. पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु 08 से 10 जून तक दो पालियों में सम्पन्न होने वाली की लिखित परीक्षा–2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। दो पालियों में आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा की प्रथम पाली में पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पॉली की परीक्षा अपरान्ह 03:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक सम्पन्न होगी। यह जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि 240 परीक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या किरन कुमारी यादव को केन्द्र व्यवस्थापक, जिला उद्यान अधिकारी को स्टैटिक व उपायुक्त स्वतः रोजगार को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। 384 परीक्षार्थियों के लिए आजाद इण्टर कालेज के प्रधानाचार्या मनोज कुमार पाण्डेय को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ मिहींपुरवा को स्टैटिक व जिला . षि अधिकारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट 384 परीक्षार्थियों के लिए राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या मधु यादव को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ चित्तौरा को स्टैटिक व एसडीएम नानपारा को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 384 परीक्षार्थियों के लिए राजकीय इण्टर कालेज के लिए प्रधानाचार्य नागेन्द्र कुमार को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ शिवपुर को स्टैटिक व एसडीएम पयागपुर को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। इसी प्रकार 384 परीक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र राजकीय पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्या रवि कुमार शुक्ला को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ रिसिया को स्टैटिक व जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट, 240 परीक्षार्थियों के लिए राजकीय पॉलीटेक्निक मोहम्मदनगर के प्रधानाचार्या शिवेन्द्र सिंह को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ फखरपुर को स्टैटिक व जिला पंचायत राज अधिकारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट, 720 परीक्षार्थियों के लिए स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी.जी. कालेज के प्राचार्य डॉ. विनय सक्सेना को केन्द्र व्यवस्थापक, तहसीलदार मुख्यालय रविकान्त द्विवेदी को स्टैटिक व एसडीएम महसी को सेक्टर मजिस्ट्रेट, तथा 384 परीक्षार्थियों के लिए महाराज सिंह इण्टर कालेज के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रकाश गुप्ता को केन्द्र व्यवस्थापक, जिला क्रीड़ा अधिकारी को स्टैटिक व एसडीएम कैसरगंज को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। इसी प्रकार 480 परीक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र महिला पी.जी. कालेज की प्राचार्या डॉ. प्रिया मुखर्जी को केन्द्र व्यवस्थापक, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को स्टैटिक व एसडीएम न्यायिक कैसरगंज श्रीमती पूजा चौधरी को सेक्टर मजिस्ट्रेट, 240 परीक्षार्थियों के लिए तारा महिला इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या अंजू उपाध्याय को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ विशेश्वरगंज को स्टैटिक व एसडीएम मिहींपुरवा को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 384 परीक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज के लिए प्रधानाचार्य जसवन्त सिंह को केन्द्र व्यवस्थापक, जिला सेवायोजन अधिकारी को स्टैटिक व बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

# आल इंडिया मंसूरी समाज संगठन की हुई बैठक

## – आगामी ग्यारह को होने वाले शादी सम्मेलन की बनाई रणनीति

न्यूज वाणी ब्यूरो/कुलपहाड़, महोबा। आगामी 11 जून को जनपद के कस्बा खरेला में ऑल इंडिया मंसूरी समाज का शादी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समाज की एक अहम बैठक ग्राम जैतपुर में संगठन के जिलाध्यक्ष राका मंसूरी की अध्यक्षता व पूर्व जिला अध्यक्ष अजीज मंसूरी पनवाड़ी, पूर्व जिला अध्यक्ष आजाद मंसूरी जैतपुर की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में समाज के लोगों ने सम्मेलन को व्यवस्थित तरीके से सफल बनाने तथा रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस बैठक में जिला महासचिव शब्बीर मंसूरी ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों से अधिक से अधिक शामिल होकर सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शादी सम्मेलन का मकसद शादी कराना ही नहीं है साथ ही समाज के लोगों को एक साथ लाकर उनकी विभिन्न समस्याओं का निराकरण करना भी है इस तरह के आयोजनों से समाज को एक दूसरे से मिलने तथा प्रेम भाव को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने कहा कि 11 जून 2026 को कस्बा खरेला में आयोजित शादी सम्मेलन की व्यवस्था तथा रूपरेखा बनाने के लिए यह बैठक आहूत की गई है। जिलाध्यक्ष राका मंसूरी ने शादी सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों से उपस्थित होकर सहयोग करने की अपील की है। इस बैठक में अंसार मंसूरी महोबा, शकील उर्फ बबलू सम्मेलन अध्यक्ष जैतपुर, रहीम बक्स मंडल अध्यक्ष जैतपुर, जावेद जैतपुर मंडल उपाध्यक्ष, अकबर मंसूरी खरेला, सगीर विजयपुर, नवी बक्स जैतपुर, फैयाज जिला उपाध्यक्ष अकठोहा आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

# शाही ज़रीह का जुलूस उठवाने और दफन करने की मांग, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में यौमे आशूरा (10 मोहर्रम) को



हुसैनाबाद ट्रस्ट की शाही ज़रीह का जुलूस ससम्मान उठवाने और उसे विधिवत दफन करवाने की मांग तेज हो गई है। इस सिलसिले में सोमवार (1 जून) को श्अफहाम–ए–जमा सोसाइटीश के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में राज्यपाल के विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता से मुलाकात की और उन्हें महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। सोसाइटी के अध्यक्ष सैयद अली मीसम नकवी (एडवोकेट) के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने विशेष सचिव को अवगत कराया कि पूरे भारत वर्ष में हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) की याद में रखा जाने वाला हर ताजिया और ज़रीह 10वीं मोहर्रम को दफन कर दिया जाता है। लेकिन यह अत्यंत खेदजनक है कि लखनऊ की पारंपरिक अज़ादारी बहाल होने के बाद भी हुसैनाबाद ट्रस्ट की 10वीं मोहर्रम की शाही ज़रीह को अब तक दफन नहीं किया गया है। देशभर की परंपरा के अनुसार हर ताजिया और ज़रीह को आशूरा के दिन ही सुपुर्द–ए–खाक किया जाता है। हुसैनाबाद ट्रस्ट की इस शाही ज़रीह को भी पूरे सम्मान और तय रीति–रिवाजों के साथ उठवाकर दफन कराया जाना बेहद ज़रूरी है। सैयद अली मीसम नकवी, अध्यक्ष (अफहाम–ए–जमा सोसाइटी) प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल महोदया से मांग की है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करें और इस वर्ष यौमे आशूरा पर शाही ज़रीह का जुलूस सम्मानपूर्वक विधिवत उठवाने व दफन करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने की मेहरबानी करें। राजभवन पहुंचे इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से सोसाइटी के संरक्षक नवाब मसूद अब्दुल्लाह, पूर्व आईजी (सीआरपीएफ) सैयद मोहम्मद हसनैन, प्रोफेसर आगा परवेज मसीह, सैयद अली मीसम नकवी (एडवोकेट), मिथिलेश सिंह और यूषा आबिद (एडवोकेट) शामिल रहे।

# डीडीयू से गाजीपुर सिटी तक ट्रेन चलाने की उठी मांग

## – डीएम को सौंपा पत्रक

न्यूज वाणी ब्यूरो

जमानियां, गाजीपुर। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से जमानियां, दिलदारनगर होते हुए गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन तक प्रतिदिन ट्रेन सुबह और शाम चलाए जाने की मांग उठी है। इसके लिए स्टेशन बाजार निवासी अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह ने सोमवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला को पत्रक सौंपा है।




अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह ने पत्रक के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि गाजीपुर में गंगा पुल पर रेल ब्रिज बनकर तैयार है, जिस पर दिलदारनगर व डीडीयू स्टेशन से ट्रेन का संचालन होता है। जिसका समय दोपहर में निर्धारित है। इस कारण प्रतिदिन नौकरी पेशा या व्यापारी वर्ग लाभ नहीं उठा पाते। ऐसी स्थिति में डीडीयू जंक्शन से गाजीपुर के लिए सुबह 7.30 बजे और गाजीपुर से डीडीयू के लिए शाम 4.30 बजे प्रतिदिन ट्रेन चलाई जाए तो इससे न केवल नौकरी पेशा, व्यापारी, छात्र व मरीजों को लाभ मिलेगा बल्कि प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल डीजल के बचत के आह्वान को भी बल मिलेगी।

# जनसुनवाई में एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## - त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान एवं पुलिस व्यवस्था को जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



जनसुनवाई में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। उन्होंने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का गहनता से अवलोकन करते हुए शिकायतकर्ताओं की बात ध्यानपूर्वक सुनी और मामलों के निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का भरोसा दिलाया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से सीधे वार्ता कर प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत प्राप्त करना नहीं, बल्कि पीड़ित व्यक्ति को समयबद्ध न्याय दिलाना भी है। इसलिए सभी अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं गंभीरता का परिचय दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान इटावा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसी भी शिकायत को लंबित न रखते हुए उसका विधिसम्मत एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनविश्वास बढ़ाने का सशक्त माध्यम बनी जनसुनवाई पुलिस कार्यालय में नियमित रूप से आयोजित होने वाली जनसुनवाई आमजन और पुलिस के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बन रही है। इससे लोगों को अपनी समस्याएं सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिलता है, वहीं पुलिस प्रशासन को भी शिकायतों के त्वरित समाधान के माध्यम से जनता का विश्वास मजबूत करने में सहायता मिल रही है।

## एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील ,ष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।



## मिशन शक्ति : महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

### – एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों व सार्वजनिक स्थलों पर चलाया अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जनपद भर में संचालित मिशन शक्ति 5.0 (फेज–2) अभियान के अंतर्गत सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत पुलिस टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं, बालिकाओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। साथ ही ग्राम चौपालों का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और उनके त्वरित एवं विधिसम्मत निस्तारण के लिए संवाद स्थापित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम, उनके कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा साइबर अपराध पोर्टल के बारे में अवगत कराया गया और जरूरत पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस विभाग ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। अभियान के माध्यम से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा गंभीर आपराधिक मामले का वारंटी

### – कल्यानपुर पुलिस की कार्रवाई, न्यायालय में किया पेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना पुलिस ने गंभीर आपराधिक मामले में वांछित चल रहे वारंटी अभियुक्त को गिरतार कर लिया। गिरतार अभियुक्त के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट व भारतीय दंड संहिता की कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। कल्यानपुर पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना एवं सघन तलाश अभियान के दौरान वारंटी अभियुक्त शम्भू सिंह पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम कोरसम थाना कल्यानपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध एसटी संख्या 851/2022 एवं मुकदमा अपराध संख्या 118/2022 न्यायालय में विचाराधीन है। मामले में धारा 354क, 376(3), 452, 504, 506 भादवि, पॉक्सो एक्ट की धारा 4 तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(ट), 3(1)(द) एवं 3(1)(ध) के तहत आरोप दर्ज हैं। न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरतार किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में अपराधियों, वारंटियों और वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून से बचने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस गिरतारी में उपनिरीक्षक संजय सिंह परिहार एवं हेड कांस्टेबल अनिल कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

## रेडक्रास चेयरमैन ने स्वच्छताग्राहियों को बांटे मास्क व दवाएं

### - सभासद विनय तिवारी ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भीषण गर्मी और हीटवेव के बढ़ते खतरे के बीच सोमवार को नगर पालिका के स्वच्छताग्राहियों के लिए विशेष हीटवेव बचाव जागरूकता महाअभियान चलाया गया। सिविल लाइंस क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने स्वच्छताग्राहियों को भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने, तेज धूप में निकलते समय सिर को टोपी या कपड़े से ढकने, पर्याप्त मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थों का सेवन करने तथा मसालेदार एवं खुले खाद्य पदार्थों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। उन्होने होमियोपैथिक औषधियां, मास्क तथा ओआरएस के पैकेट वितरित किए। कार्यक्रम में उपस्थित स्वच्छताग्राहियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे उनके स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। सिविल लाइंस वार्ड के सभासद विनय तिवारी ने डॉ. अनुराग श्रीवास्तव एवं उनकी टीम को प्रभु की प्रतिमा प्रतीक चिन्ह के रूप में भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य शैलेंद्र अग्निहोत्री, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार, आजीवन सदस्य उमेश कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ हसवा के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदौरिया, सूर्यप्रकाश मिश्र सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## सांसों पर संकट, मास्क पहनकर कलेक्ट्रेट पहुंचे युवा

### - पर्यावरण बचाने को बुलंद की आवाज, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बढ़ते प्रदूषण, तेजी से घटती हरियाली और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते खतरे को लेकर सोमवार को युवा विकास समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में अनोखा और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। मुंह पर मास्क लगाए, हाथों में पौधे और पर्यावरण संरक्षण के संदेश लिखे बैनर लेकर पहुंचे युवाओं ने प्रशासन का ध्यान पर्यावरणीय समस्याओं की ओर आकर्षित किया।



प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने कहा कि जिले में बढ़ रहे औद्योगिक प्रदूषण के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं वातावरण को जहरीला बना रहा है, जिससे सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं और कृषि फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भयावह हो सकती है। युवाओं ने भूगर्भ जल के लगातार दूषित होने, जलस्तर में गिरावट और तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर भी गहरी चिंता व्यक्त की। उनका आरोप था कि राजस्व विभाग की उदासीनता के कारण जिले के कई तालाबों पर अवैध कब्जे हो चुके हैं, जिससे जल संरक्षण की परंपरागत व्यवस्था खत्म होती जा रही है। नारेबाजी के बीच प्रदर्शनकारियों ने जल है तो कल है, पेड़ बचाओ–जीवन बचाओ और प्रकृति बचाओ–भविष्य बचाओ जैसे संदेशों के जरिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। प्रदर्शन के बाद युवाओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपते हुए प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने और जल संरक्षण के लिए ठोस नीति लागू करने की मांग की। प्रदर्शन में प्रवीण पाण्डेय, मुकेश समेत बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। युवाओं के इस अनोखे प्रदर्शन ने कलेक्ट्रेट परिसर में लोगों का ध्यान आकर्षित किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक मजबूत संदेश दिया।

## बिजली संकट पर हिंदू महासभा का फूटा गुस्सा

### - 17 जून को बिजली विभाग कार्यालय घेरने का ऐलान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में जारी अघोषित बिजली कटौती को लेकर अखिल भारत हिंदू महासभा ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रविवार को आईटीआई रोड स्थित संगठन के कैंप कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं ने बिजली व्यवस्था पर तीखी नाराजगी जताते हुए विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही और संवेदनहीनता का आरोप लगाया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो 17 जून को बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच पूरे जिले में अघोषित बिजली कटौती से आम जनता का जीवन प्रभावित हो गया है। दिन और रात में लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण लोगों को पेयजल, घरेलू कार्यों और व्यापारिक गतिविधियों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जहां निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा कर रही है, वहीं जिले में स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है। बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जनता की समस्याओं के प्रति उदासीन बने हुए हैं। शिकायत दर्ज कराने के लिए फोन किए जाने पर अधिकारी फोन तक नहीं उठाते, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था



में सुधार नहीं किया गया तो संगठन जनहित में बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। बैठक में प्रयागराज मंडल उपाध्यक्ष रामगोपाल शुक्ला, जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, डॉ. प्रमोद पांडेय, संतोष नेता, अर्जुन वैद्य, एस.के. गुप्ता, ओम प्रकाश मौर्य, स्वामी गणेशानंद महाराज, शुभम सविता, महिला जिलाध्यक्ष संगीता गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, नीलम यादव समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, सीएम के उद्बोधन से हुए प्रेरित

### - सात छात्रों को प्रदेश स्तर पर मिला एक लाख रुपये, लैपटॉप व मेडल
### - डीएम ने ग्राम पंचायत स्तर पर पुस्तकदान अभियान चलाने के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश स्तर पर लखनऊ में आयोजित हाईस्कूल



एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र–छात्राओं के सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण सोमवार को महात्मा गांधी कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। कार्यक्रम में जहानाबाद विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स सहित अन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रेरणादायी उद्बोधन को सुना और आत्मसात किया।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जनपद में विभिन्न बोर्डों के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट स्तर के कुल 21 मेधावी छात्र–छात्राओं का चयन किया गया। इनमें से सात मेधावी विद्यार्थियों को प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एक–एक लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक, लैपटॉप, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं शेष 14 विद्यार्थियों को जनपद स्तर पर 21–21 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने भी बच्चों की हौसला अफजाई की। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए को ग्राम पंचायत स्तर पर पुस्तकदान अभियान चलाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक, परियोजना निदेशक डीआरडीए, मेधावी छात्र–छात्राएं, उनके अभिभावक, शिक्षकगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बारिश से गेहूं क्रय केंद्र पर मची अफरा-तफरी

### - तिरपाल से बचाई गई बोरियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई, गाजीपुर। तहसील क्षेत्र में सोमवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ले ली। काले घने बादलों के साथ तेज बारिश शुरू होते ही भदौरा ब्लॉक परिसर स्थित गेहूं क्रय केंद्र पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। केंद्र पर खुले में रखी गेहूं की बोरियों के भीगने का खतरा उत्पन्न हो गया, जिसके बाद कर्मचारियों और किसानों ने तत्काल तिरपाल की व्यवस्था कर बोरियों को ढक दिया। बारिश शुरू होते ही केंद्र पर मौजूद कर्मचारियों एवं स्थानीय किसानों ने मिलकर गेहूं की बोरियों को सुरक्षित करने का प्रयास



किया। काफी मशक्कत के बाद प्लास्टिक तिरपाल से बोरियों को ढककर उन्हें भीगने से बचाया गया। यदि समय रहते यह व्यवस्था नहीं की जाती तो बड़ी मात्रा में गेहूं खराब हो सकता था। वहीं किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गेहूं की खरीदारी की गति धीमी होने से किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान अपनी उपज बेचने के लिए केंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। वहीं, बारिश के मौसम में खुले में रखे गेहूं की सुरक्षा प्रशासन और विभाग के लिए चुनौती बनी हुई है। स्थानीय किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द गोदामों में स्थान उपलब्ध कराकर गेहूं का उठान कराया जाए, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके और किसानों को राहत मिल सके। खाद्य विपणन अधिकारी मोहम्मद उस्मान ने बताया कि क्रय केंद्र से गेहूं का उठान नहीं हो पा रहा है, क्योंकि संबंधित गोदामों में पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं है। इसके चलते केंद्र पर गेहूं का भंडारण बढ़ता जा रहा है और खरीद प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि खुले में रखी बोरियों के खराब होने का खतरा लगातार बना हुआ है, इसलिए कर्मचारियों और किसानों के सहयोग से उन्हें तिरपाल से ढककर सुरक्षित रखा गया है।

## संकल्प : दो साल तक महिलाएं नहीं खरीदेंगी जेवरात

### - पूर्व सैनिक महिला शाखा की बैठक में लिया निर्णय



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव, महंगाई और आर्थिक चुनौतियों के बीच पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की महिला शाखा ने देशहित में एक अहम पहल करते हुए आगामी दो वर्षों तक नए सोने के आभूषण नहीं खरीदने का संकल्प लिया। यह निर्णय समिति की महिला शाखा की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया, जिसकी अध्यक्षता संरक्षक रंजना कक्कड़ ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए महिला शाखा की अध्यक्ष जागृति तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में विष्व के कई देशों के बीच तनावपूर्ण परिस्थितियां बनी हुई हैं और विश्व युद्ध जैसे हालात बनने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इसका सीधा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। पेट्रोलियम पदार्थों, रसोई गैस और विदेशों से आयात होने वाली वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नागरिकों को फिजूलखर्ची से बचते हुए बचत को बढ़ावा देना चाहिए। इसी सोच के तहत महिला शाखा की सभी सदस्यों ने शपथ ली कि वे अगले दो वर्षों तक न तो नए सोने के आभूषण खरीदेंगी और न ही शादी–विवाह जैसे आयोजनों में नए जेवर बनवाएंगी। जरूरत पड़ने पर पुराने आभूषणों का ही उपयोग करेंगी तथा नए जेवरों पर खर्च होने वाली धनराशि को बैंक में जमा कर बचत करेंगी। बैठक के अंत में सभी महिलाओं ने देशहित में जागरूकता फैलाने और अधिक से अधिक लोगों को बचत के प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुमन सिंह मौर्य, मंजूलता देवी, सुनिशा सिंह, रोशनी सिंह, मधुलता सिंह, सुषमा, मीरा देवी, संगम पाल, अंजू देवी, मीरा उपस्थित रहीं।



# 22 माह से धरना दे रहे ठगी पीड़ितों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## – मांगे पूरी न होने पर राष्ट्रव्यापी आंदोलन की दी चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बड्स एक्ट कानून के तहत बकाया भुगतान की मांग को लेकर ठगी पीड़ितों का 22 माह से नहर कालोनी परिसर में धरना चल रहा है। सोमवार को ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के बैनर तले ठगी पीड़ितों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को



ज्ञापन सौंपकर मांगे पूरी किए जाने की आवाज उठाई। ठगी पीड़ितों का कहना रहा कि मांगे पूरी न हुई तो वह राष्ट्रव्यापी आंदोलन करने के लिए विवश हो जाएंगे। संगठन के जिलाध्यक्ष अम्बिका प्रसाद की अगुवई में ठगी पीड़ित कलेक्ट्रेट आए और नारेबाजी करते हुए डीएम को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि वह अपनी मांगों को लेकर लगातार 22 माह से नहर कालोनी परिसर में धरना दे रहे हैं। इसके बावजूद उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। उन्होने ज्ञापन के जरिए सवाल किए कि एक सितंबर 2024 से आज तक जो भी ज्ञापन जिले स्तर में दिए गए उनकी कोई जानकारी अधिकारियों ने संगठन को क्यों नहीं दी, अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम के तहत कलेक्ट्रेट कार्यालय में भुगतान आवेदन पटल में जमा होने की संख्या व ठग कंपनियों की संख्या की जानकारी क्यों नहीं दी गई, पुलिस अध ीक्षक को एजेंट सुरक्षा का ज्ञापन दिया लेकिन कोई लिखित कार्रवाई अब तक क्यों नहीं की गई, बड्स एक्ट के तहत तीनों तहसीलों में चिटफंड भुगतान आवेदन काउंटर खोलकर निवेशकों को राहत दिया जाए पर ऐसा नहीं हुआ, बीस माह से लगातार ध रना चल रहा है आंदोलन परिसर में सफाई, स्वास्थ्य, पानी, मोबाइल व टायलेट आदि व्यवस्था क्यों नहीं की गई, अभी तक जितने भुगतान आवेदन जमा हुए हैं उन पर भुगतान की कार्रवाई बड्स एक्ट के तहत भुगतान किया जाना आवश्यक है अभी तक भुगतान क्यों नहीं हुआ। मांग किया कि प्रत्येक आवेदन में मुहर हस्ताक्षर के साथ रिसीविंग दी जाए। इस मौके पर राकेश कुमार साहू, प्रदीप कुमार शर्मा, डा. राजेन्द्र, रामकरन राजपूत, बिन्दा प्रसाद, रेखा पासवान, सतीश कुमार, अनीता देवी, कौशिल्या देवी, ननकी, संगीता, कुसमा, रामशरन आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

## - लापरवाही पाए जाने पर चार बीडीओ का रोका वेतन
## - राशन दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के दिए निर्देश
## - पेट्रोल पंपों पर महिलाओं की सुविधाएं सुनिश्चित करने की हिदायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनहित सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने सोमवार को पटेल नगर चौराहे के समीप स्थित जिला पूर्ति कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था, आयुष्मान कार्ड निर्माण, रिक्त राशन दुकानों के चयन तथा पेट्रोल पंपों पर महिलाओं के लिए सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में संचालित राशन दुकानों की जानकारी प्राप्त की तथा नगर पूर्ति निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी दुकानों की सूची नगर पालिका प्रशासन के साथ भी साझा की जाए, ताकि फैमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी सुनील पुष्कर को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी कोटेदारों की आयुष्मान आईडी प्राप्त की जाए तथा राशन दुकानों



के माध्यम से आयुष्मान कार्ड एवं फैमिली आईडी बनाने के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद की सभी राशन दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य द्रुत गति से कराया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंपों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर विशेष अभियान चलाकर महिलाओं के लिए पृथक शौचालय तथा स्तनपान (बेबी फीडिंग) हेतु सुरक्षित एवं सुविधाजनक स्थान की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए ताकि महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। राशन दुकानों के आवंटन संबंधी मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधि ाकारी ने रिक्त दुकानों के चयन में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम सभाओं में अभी तक खुली बैठक आयोजित कर प्रस्ताव नहीं भेजे गए हैं, वहां के संबंधित खंड विकास अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इसी क्रम में ग्राम सभा सरौली, त्रिलोचनपुर, ख्योखरी एवं सोनेमऊ की दुकानों के प्रस्ताव लंबित पाए जाने पर खंड विकास अधिकारी विजयीपुर, उरौली, कुर्राकनक एवं सरवल के प्रस्ताव लंबित होने पर खंड विकास अधिकारी असोथर, ग्राम सभा गौसपुर का प्रस्ताव लंबित होने पर खंड विकास अधिकारी मलवा तथा ग्राम सभा डिगरुआ का प्रस्ताव समय से न भेजे जाने पर खंड विकास अधिकारी अमौली का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधि ाकारी को आवश्यक वस्तु अधि ानियम के अंतर्गत दर्ज 3/7 के मुकदमों की प्रभावी पैरवी कर उनके शीघ्र निस्तारण के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने राशन वितरण में किसी प्रकार की घटतौली या अनियमितता की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एआरओ उमेश शुक्ला सहित जिला पूर्ति विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आंधी पानी से बचाव के लिए पुलिस ने किया अलर्ट

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। तहसील में बदलते मौसम और आंधी–तूफान की चेतावनी को देखते हुए सुल्तानपुर घोष पुलिस अलर्ट मोड पर नजर आई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी सुल्तानपुर घोष तेज बहादुर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आनंद वर्मा ने प्रेमनगर कस्बा, चौकी चौराहा समेत विभिन्न क्षेत्रों में माइकिंग कर लोगों को



सतर्क किया।

पुलिस टीम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि तेज आंधी, बारिश और तूफान के दौरान सुरक्षित घरों में रहें तथा किसी पेड़, बिजली के खंभे या कमजोर दीवार के नीचे शरण न लें। अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें और बच्चों को भी सुरक्षित स्थानों पर रखें। सुल्तानपुर घोष पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में गश्त कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उहोंने बताया कि ऐसे मौसम में लोगों को सुरक्षित अपने घरों में रहना चाहिए। पेड़ और पुरानी घरों की दिवाल से उचित दूरी बनाए रखें।

# पहाड़पुर में खराब पड़े नल, ग्रामीण परेशान

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पहाड़पुर में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। गांव में लगाए गए कई नल लंबे समय से खराब पड़े हुए हैं, जिसके कारण ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के



लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई कर्मचारी नलों की मरम्मत के लिए गांव नहीं पहुंचा।

गांव के लोगों का कहना है कि योजना का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना था, लेकिन खराब नलों के कारण उन्हें पुराने जल स्रोतों पर निर्भर होना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के इस मौसम में पेयजल संकट और अधिक गंभीर हो गया है। महिलाओं और बच्चों को पानी की व्यवस्था करने के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र खराब नलों की मरम्मत कराने और जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने की मांग की है। गांव के प्रमोद कुमार, राजेश, उत्तम का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे उच्चाधिकारियों से शिकायत करने के साथ आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम का स्वास्थ्य माफियाओं पर प्रहार, अवैध अस्पतालों पर होगा एक्शन

## - बिना पंजीकरण चल रहे अस्पतालों को तत्काल बंद करने का आदेश
## - स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर भड़कीं डीएम, सीएमओ को दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में स्वास्थ्य



सेवाओं की आड़ में फल–फूल रहे अवैध अस्पतालों, नर्सिंग होमों और क्लीनिक संचालकों के खिलाफ अब जिला प्रशासन ने सख्त तेवर अपना लिए हैं। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया है कि जिले में अवैध, अनाधि.त एवं बिना पंजीकरण संचालित सभी अस्पतालों और नर्सिंग होमों को तत्काल चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए बंद कराया जाए। जिलाधिकारी के इस आदेश के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई अस्पताल और नर्सिंग होम बिना वैध पंजीकरण के संचालित हो रहे हैं। इन संस्थानों में नियम–कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और मरीजों की जान जोखिम में डालकर मोटी कमाई की जा रही है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जिला मुख्यालय सहित कई इलाकों में ऐसे अस्पताल वर्षों से संचालित हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की नजरें उन पर नहीं पड़ीं। इससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अब जिलाधिकारी के सीधे हस्तक्षेप के बाद माना जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग को जवाबदेही तय करनी पड़ेगी। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में बिना पंजीकरण अथवा नियमों के विपरीत संचालित किसी भी अस्पताल, नर्सिंग होम या स्वास्थ्य संस्थान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी संस्थानों को तत्काल चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मरीजों की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं है।

### अब सबकी निगाहें स्वास्थ्य विभाग पर

डीएम के आदेश के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर वर्षों से बिना पंजीकरण संचालित हो रहे अस्पतालों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होगी? आने वाले दिनों में यह अभियान केवल अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई तक सीमित रहेगा या फिर स्वास्थ्य विभाग की जवाबदेही भी तय होगी, इस पर पूरे जिले की नजरें टिकी हैं।

# जून-जुलाई में एसपी का जनसुनवाई रोस्टर जारी

## – सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक होगा कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जून और जुलाई माह का जनसुनवाई रोस्टर जारी किया है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत एसपी स्वयं विभिन्न थानों पर पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे। रोस्टर के अनुसार जनसुनवाई कार्यक्रम प्रत्येक निर्धारित दिवस पर सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित किया जाएगा। शनिवार और रविवार को छोड़कर एसपी अलग–अलग थानों में पहुंचकर जनता से सीधे संवाद करेंगे। 3 जून को हुसैनगंज, 5 जून को असोथर, 10 जून को थरियांव, 12 जून को जहानाबाद, 17 जून को बकेवर, 19 जून को कल्यानपुर, 24 जून को औंग, 26 जून को खागा, 1 जुलाई को खखरेरू, 3 जुलाई को किशनपुर, 7 जुलाई को धाता तथा 9 जुलाई को सुल्तानपुर घोष थाने में जनसुनवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी शिकायतों और समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्धारित तिथि और समय पर संबंधित थाने पहुंचकर जनसुनवाई कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

# ओमघाट में गंगा आरती कर किया दीपदान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। गंगा बचाओ सेवा समिति नमामि गंगे एवं जिला गंगा समिति द्वारा पूर्णिमा पर ओमघाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें गंगा घाट की सफाई कर स्वच्छता का संकल्प लिया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल द्वारा आयोजित गंगा आरती में



भक्तों ने दीपदान किया। गंगा आरती में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम प्रताप सिंह गौतम ने कहा कि हम सब का दायित्व है मां गंगा को अविरल व निर्मल बनाए रखना। गंगा आरती में भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि गंगा नदी को गंदा न करें एवं मां गंगा को स्वच्छ रखें। अंत मे डीपीओ ज्ञान तिवारी ने गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे गंगा भक्तों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर गायत्री परिवार के रामस्वरूप गुप्ता, रवींद्र सिंह, डॉ राहुल मिश्रा, रिचा मिश्रा, ऋतिक मिश्रा, आशा त्रिपाठी, सुनीता गुप्ता, लक्ष्मी सिंह, वंदना गुप्ता, मधु गुप्त, सीमा जौहरी, पूजा तेजस्विनी, आदर्श, अजय जौहरी, पंकज कुमार, राघवेंद्र, अनुज, वीरेंद्र साहू, सुरेंद्र पाठक, प्रांशु रस्तोगी, विवेक, माधव दीक्षित, अहम शर्मा, सुमित, शिवम मिश्रा, आर्यन मिश्रा मौजूद रहे।

# प्रेम प्रसंग बना खूनी साजिश, प्रेमी की हत्या कर जंगल में जलाया शव

## - 23 दिन बाद गुमशुदगी का खुलासा, नरकंकाल, पैन कार्ड, जूते व हथियार बरामद
## - यूट्यूब पर खोजे थे हत्या, जेल और सजा से जुड़े वीडियो; एसपी ने टीम को दिया पुरस्कार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र से लापता युवक विजय निषाद की गुमशुदगी का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए प्रेम प्रसंग में हुई निर्मम हत्या का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में हमीरपुर जनपद के पति–पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि पत्नी के प्रेम संबंधों से नाराज पति ने पत्नी के साथ मिलकर युवक की हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को जंगल में ले जाकर जला दिया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सोमवार को पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र निवासी विजय निषाद आठ मई को घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। ग्यारह मई को परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जांच के दौरान मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन के विश्लेषण में पता चला कि विजय की लगातार बातचीत हमीरपुर की रहने वाली किरन देवी से होती थी। जांच आगे बढ़ने पर मृतक की मोटरसाइकिल घाटमपुर क्षेत्र से बरामद हुई। इसके बाद परिजनों ने आरोप लगाया कि किरन देवी और उसके पति कामता निषाद ने विजय की हत्या कर शव छिपा दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सर्विलांस और साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज की। पूछताछ में सामने आया कि किरन देवी और विजय निषाद के बीच पिछले करीब आठ माह से प्रेम संबंध थे। चार माह पहले तक कामता सूरत में नौकरी करता था। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। जब कामता वापस लौटा तो उसे संबंधों की जानकारी हुई और उसने विजय को रास्ते से हटाने की योजना बना ली। पुलिस के अनुसार आठ मई को किरन देवी ने विजय को मिलने के बहाने अपने घर बुलाया। जैसे ही वह घर पहुंचा, पहले से मौजूद कामता ने लकड़ी के चौखट से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को घर में छिपा दिया गया और खून के निशान साफ कर दिए गए। रात में दोनों ने शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की, लेकिन शव अकड़ जाने के कारण उसे बोरे में भरना मुश्किल हो गया। आरोपियों ने आरी और ग्राइंडर की मदद से शव के पैरों को काटकर मोड़ा और बोरे में भरकर कानपुर नगर के रेउना थाना क्षेत्र के जंगल में ले जाकर जला दिया। इसके बाद मृतक की मोटरसाइकिल दूसरी जगह खड़ी कर दी गई और मोबाइल फोन व चश्मे को तोड़कर जंगल में फेंक दिया गया। अभियुक्त कामता की निशानदेही पर पुलिस ने जंगल से नरकंकाल, मानव अवशेष, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, जूते, ताबीज, जले हुए कपड़ों के अवशेष, मोबाइल और चश्मे के टूटे हुए हिस्से बरामद किए हैं। हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का चौखट, आरी, ग्राइंडर ब्लेड और दोनों मोटरसाइकिलें भी बरामद कर ली गई हैं। परिजनों ने बरामद सामान की पहचान विजय निषाद के रूप में की है।



हालांकि अंतिम पुष्टि के लिए डीएनए परीक्षण कराया जा रहा है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने घटना से पहले और बाद में मोबाइल फोन पर हत्या, जेल व्यवस्था, फांसी की सजा तथा अपराध से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी इंटरनेट और यूट्यूब पर खोजी थी। पुलिस ने डिजिटल साक्ष्यों को भी केस में शामिल किया है। पुलिस ने आरोपी कामता निषाद और उसकी पत्नी किरन देवी निवासी ग्राम मनकी थाना कुरारा जनपद हमीरपुर को गिरतार कर न्यायालय में पेश किया है। घटना के सफल अनावरण पर पुलिस अधीक्षक ने बकेवर थाना पुलिस टीम को पच्चीस हजार नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अह्मद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अह्मद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )